


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-76 | सीहोर, बुधवार 07 मई 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# एमपी के इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, कटनी में आज होगी मॉक ड्रिल

**-आमजन को किया जागरुक, सायरन बजाने के साथ ही ब्लैक आउट कर दी जायेगीं खतरे की सूचना**




भोपाल (ए.)। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर देश के देश के 244 शहरों में बुधवार को होने वाले मॉक ड्रिल एमपी के भी पांच शहरों में भी की जायेगी। इनमें इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी शामिल हैं। इन शहरों में बुधवार को होमगार्ड, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस के जवान मॉक ड्रिल करेंगे। यह मॉक ड्रिल केंद्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के आधार पर होगी। प्रदेश के सीएम डॉक्टर मोहन यादव ने इसकी जानकारी कैबिनेट बैठक में मंत्रियों के साथ साझा की। सीएम यादव ने बताया कि वर्तमान राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के मद्देनजर प्रदेश के पांच नगरों इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी में मॉक ड्रिल होगी। दोपहर बाद सायरन के माध्यम से खतरे की सूचना, ब्लैक आउट, प्रमुख सरकारी और गैर सरकारी इमारतों को सुरक्षित रखने, दुर्घटना की स्थिति में घायलों को सुरक्षित निकालने जैसी गतिविधियों की ड्रिल की जाएगी। इस संबंध में जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं।

## गृह मंत्रालय ने बढ़ाई मॉक ड्रिल की रेंज, 244 नहीं, अब 295 जिलों में नागरिकों को दी जाएगी ट्रेनिंग

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ लगातार बढ़ रहे तनाव और संभावित खतरों को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कल, बुधवार को देश के 295 जिलों में एक बड़े पैमाने पर सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित करने का फैसला किया है। शुरुआत में यह संख्या 244 बताई गई थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 295 कर दिया गया है।यह संख्या में बदलाव इसलिए हुआ है क्योंकि साल 2010 के बाद हुए जिलों के पुनर्गठन और नए जिलों के बनने से सिविल डिफेंस के लिए तैयार जिलों की संख्या में 51 का इजाफा हुआ है। इसी के मद्देनजर अब 295 जिलों में यह मॉक ड्रिल कराई जा रही है।यह अभ्यास पांच दशकों से भी अधिक समय के बाद इतने बड़े पैमाने पर आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले आखिरी बार साल 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय ही इतने बड़े स्तर पर सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल हुई थी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह किसी युद्ध से पहले का अब तक का सबसे बड़ा मॉक ड्रिल साबित हो सकता है।इस विशाल मॉक ड्रिल में सिविल डिफेंस कर्मियों के साथ-साथ विभिन्न संगठन और स्वयं सहायता समूह भी अपने-अपने स्तर पर भाग ले रहे हैं। इसके लिए उन्होंने संबंधित स्थानीय और राज्य स्तरीय अधिकारियों को सूचित कर दिया है।

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच जासूसी कॉल्स में हो रही बढ़ोतरी, सीमा इलाकों में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

नई दिल्ली (ए.)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। जहां आतंकवादियों का पनाहगाह पाकिस्तान लगातार अपने नापाक इरादे दिखा रहा है। इसी बीच सीमा से सटे इलाकों में संदिग्ध जासूसी कॉल्स की संख्या में भी तेजी देखी जा रही है। मामले में जैसलमेर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुधीर चौधरी ने बताया कि अज्ञात कॉलर्स सेना या सरकारी अधिकारी बनकर लोगों से संवेदनशील जानकारी निकालने की कोशिश कर रहे हैं। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि मामले में बढ़ते जासूसी कॉल्स को देखते हुए हमने सभी अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। लोग अगर किसी अजनबी कॉलर से ऐसी जानकारी मांगे जाने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि अब पहले की तरह हनी ट्रैप के जरिए एजेंट नहीं बनाए जा रहे, बल्कि सीधे लोगों से जानकारी मांगी जा रही है।

## सिंधु जल संधि पर पीएम मोदी का बड़ा बयान, भारत का पानी पहले बाहर जाता था, अब वह देश के काम आएगा



नई दिल्ली (ए.)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को खत्म कर दिया है। वहीं इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार सार्वजनिक तौर बयान दिया है। पीएम मोदी ने कहा- भारत का पानी पहले बाहर जाता था, अब वह भारत के हितों के लिए रुकेगा और देश के काम आएगा। यानि जो पानी पहले भारत की सीमा से बाहर जा रहा था (खासकर पाकिस्तान या बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में बहने वाले नदी जल के संदर्भ में), अब भारत सरकार उस पानी को देश के हित में रोकने और उपयोग में लाने की योजना बना रही है। पीएम मोदी ने आगे कहा, एक समय था जब कोई भी जरूरी कदम उठाने से पहले लोग सोचते थे कि दुनिया क्या सोचेगी... वे सोचते थे कि उन्हें वोट मिलेगा या नहीं, उनकी सीट सुरक्षित रहेगी या नहीं। इन कारणों से बड़े सुधारों में देरी हुई।

कोई भी देश इस तरह आगे नहीं बढ़ सकता। देश तभी आगे बढ़ता है जब हम राष्ट्र को सबसे पहले रखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब लोग अब देश को देखते हैं, तो वे गर्व से कह सकते हैं कि लोकतंत्र काम कर सकता है और इस बात पर जोर दिया कि सरकार जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण से सकल जन सशक्तिकरण (जीईपी) पर आधारित प्रगति की ओर बढ़ रही है।

## ISRO: अब 2027 में लॉन्च किया जाएगा गगनयान मिशन, इसरो प्रमुख बोले- पहले व्योममित्र को भेजेंगे अंतरिक्ष

नई दिल्ली(आरएनएस)। भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान अब 2027 की पहली तिमाही में लॉन्च किया जाएगा। यह मिशन पहले 2022 में होना था, लेकिन अब इसमें करीब पांच साल की देरी हो गई है। इस जटिल मिशन को शुरू करने के लिए अभी कई तकनीकी चुनौतियां का सामना है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने बताया कि इस साल के अंत तक पहला मानव रहित मिशन लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद 2026 में दो और मानव रहित मिशन किए जाएंगे।




इसरो प्रमुख ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, पहला मानव मिशन अब 2027 की पहली तिमाही में होगा। उन्होंने आगे कहा, इसरो अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजने से पहले मानवरहित मिशन के हिस्से के रूप में एक अर्ध-मानव रोबोट व्योममित्र को अंतरिक्ष में भेजेगा।

# एमपी बोर्ड ने जारी किया रिजल्ट

# 10वीं में प्रज्ञा तो 12वीं में प्रियल ने किया टॉप

## सीएम यादव ने कहा- जो बच्चे असफल हुए वो इसे अंतिम अवसर न समझें



भोपाल,(ए.)। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आज 6 मई को एमपी बोर्ड कक्षा 10वीं और 12वीं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। एमपी बोर्ड 10वीं के परिणाम अनुसार प्रज्ञा जायसवाल ने टॉप किया है, जबकि एमपी बोर्ड 12वीं में प्रियल द्विवेदी टॉपर रहीं हैं। एमपी बोर्ड का रिजल्ट मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सुबह 10 बजे एक संवाददाता सम्मेलन में घोषित किए। इस दौरान राज्य के शिक्षा मंत्री, बोर्ड के अध्यक्ष व सचिव भी मौजूद थे। छात्र-छात्राएं अपना रिजल्ट एमपी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर चेक कर सकते हैं। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपीबीएसई) की 10वीं एवं 12वीं परीक्षा के रिजल्ट की औपचारिक घोषणा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने की। इस अवसर पर सीएम यादव ने कहा कि बेटियों ने फिर बाजी मारी है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे असफल हो गए, वे यह न समझें कि यह आखिरी अवसर है। उन्हें दोबारा मौका मिलेगा। वे सालभर में दो बार परीक्षा दे सकेंगे, अतः असफल हुए छात्र निराश न हों और दोबारा परीक्षा देने का उन्हें अवसर मिलेगा। प्रदेश में 17 जून से दोबारा परीक्षा होगी, इसमें फेल होने वाले तो शामिल होंगे, साथ ही यदि कोई अपना रिजल्ट इंप्रूवमेंट करना चाहता है तो वह भी परीक्षा में बैठ सकता है। सीएम ने कहा कि यह नई शिक्षा नीति की सबसे बड़ी ताकत है।

छात्र-छात्राएं एमपी बोर्ड रिजल्ट 2025 बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट एमपीबीएसई डॉट निक डॉट इन, एमपीबीएसई डॉट एमपीऑनलाइन डॉट जीओवी डॉट इन और एमपीरिजल्ट्स डॉट निक डॉट इन पर चेक कर सकते हैं। मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा 10वीं और 12वीं का स्कोरकार्ड अपना नाम या रोल नंबर दर्ज करके देखा जा सकता है। एमपी 12वीं बोर्ड का रिजल्ट 74.48 प्रतिशत रहा है और सतना की प्रियल द्विवेदी ने टॉप किया। टॉपर्स जिलों की सूची में नरसिंहपुर जिला सबसे आगे है, जबकि नीमच का दूसरा नंबर है। टॉपर प्रियल ने 500 अंकों में से 492 अंक हासिल किए हैं। एमपी बोर्ड 10वीं रिजल्ट में 212 विद्यार्थी मेरिट लिस्ट में आए हैं।

## पाकिस्तान की नापाक हरकत, आठ जगहों पर किया सीजफायर का उल्लंघन, भारतीय सेना ने की जवाबी कार्रवाई



जम्मू (आरएनएस)। पाकिस्तानी सेना के कारण नियंत्रण रेखा पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। यहां 12वें दिन भी पाकिस्तान की सैन्य चौकियों द्वारा संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया। पाकिस्तानी सैनिकों ने नियंत्रण रेखा के पार से गोलीबारी की।भारतीय सेना के मुताबिक 05-06 मई की रात, पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर के आसपास के इलाकों में गोलीबारी की। यह गोलीबारी नियंत्रण रेखा के पार से पाकिस्तान सेना की चौकियों द्वारा बिना उकसावे के छोटे हथियारों से की गई। भारतीय सेना ने इस गोलीबारी का उचित जवाब दिया।पाकिस्तान न केवल नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी कर रहा है, बल्कि पाकिस्तान से जुड़े साइबर हैकर्स ने भारतीय वेबसाइट्स पर भी निशाना साधा है। पाकिस्तानी साइबर हमलावरों ने भारत में रक्षा और सशस्त्र बलों से जुड़ी वेबसाइटों पर साइबर अटैक के जरिए संवेदनशील डेटा चुराने की कोशिश की है। पाकिस्तानी हैकर्स के ट्विटर अकाउंट पाकिस्तान साइबर फोर्स के माध्यम से यह दावा किया गया है कि उन्होंने भारतीय मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस (एमईएस) और मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान से संवेदनशील जानकारी प्राप्त कर ली है।इस दावे से यह संकेत मिलता है कि हमलावरों ने रक्षा कर्मियों से जुड़ी व्यक्तिगत जानकारियों और लॉगिन क्रेडेंशियल्स तक पहुंच बनाई हो। भारत के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और एजेंसियों ने तुरंत प्रभावी कदम उठाते हुए कार्रवाई की है। जम्मू-कश्मीर स्थित पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और उसके बाद नियंत्रण रेखा पर मौजूदा स्थिति के बीच पाकिस्तान साइबर हैकर्स को भी आगे कर रहा है।इस बीच भारत संयम से लेकिन उचित कार्रवाई कर रहा है। भारत को वैश्विक समुदाय का भी साथ मिल रहा है। इसी कड़ी में जापान के रक्षामंत्री सोमवार को भारत पहुँचे। उन्होंने यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की।

## अटारी बॉर्डर पर पाकिस्तान जाने से दो बहनों को रोका गया, भारतीय पासपोर्ट बना रुकावट

अमृतसर, (आरएनएस)। भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव ने एक और परिवार को बिछड़ने की कगार पर ला दिया है। उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाले मुहम्मद शरीक अपनी दो बहनों, नबीला राज और शरमीन को लेकर अटारी-वाघा बॉर्डर पहुंचे, ताकि वे पाकिस्तान लौट सकें। लेकिन, दोनों के पास भारतीय पासपोर्ट होने के कारण उन्हें सीमा पार करने की अनुमति नहीं दी जा रही है।नबीला और शरमीन की शादी पाकिस्तान में हुई है, एक की 18 साल पहले और दूसरी की 12 साल पहले। दोनों बहनें अपनी बीमार मां से मिलने भारत आई थीं। लेकिन, अब जब उन्हें पाकिस्तान लौटना है, तो भारतीय पासपोर्ट आड़े आ रहा है। मुहम्मद शरीक ने बताया कि उनकी बहनों के पास भारतीय पासपोर्ट हैं, जबकि उनके बच्चों के पास पाकिस्तानी दस्तावेज हैं। ऐसे में उन्हें वापस पाकिस्तान जाने से रोका जा रहा है।

## भारत-पाक सीमा के पास वायुसेना करेगा बड़ा युद्धाभ्यास, NOTAM जारी



नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। युद्ध की आशंकाओं के मद्देनजर, भारतीय वायुसेना सीमा पर अपनी ताकत का प्रदर्शन करने और परिचालन तैयारियों को परखने के लिए भारत-पाक सीमा के दक्षिणी भाग पर एक बड़े पैमाने का हवाई अभ्यास करने जा रही है। यह युद्धाभ्यास बुधवार और गुरुवार (7 और 8 मई) को होगा। जानकारी के अनुसार, भारतीय वायुसेना ने इस बड़े अभ्यास के लिए 'नोटिस टू एयरमेन' (NOTAM) जारी किया है। यह युद्धाभ्यास राजस्थान में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास भारतीय वायुसेना के नियमित अभ्यास का हिस्सा है। NOTAM के मुताबिक, यह हवाई युद्धाभ्यास 7 मई को रात 9:30 बजे शुरू होगा और 8 मई की सुबह 3:00 बजे तक जारी रहेगा।

इस दौरान प्रभावित हवाई क्षेत्रों में किसी भी अन्य विमान और ड्रोन के उड़ने पर प्रतिबंध रहेगा। भारतीय वायुसेना के एक अधिकारी ने बताया कि 7 मई से राजस्थान में भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे रेगिस्तानी क्षेत्र और आसपास के इलाकों में होने वाले इस युद्धाभ्यास में राफेल, मिराज 2000 और सुखोई-30 सहित वायुसेना के सभी अग्रणी लड़ाकू विमान हिस्सा लेंगे।

## बड़ा हादसा : बारातियों से भरी स्कॉर्पियो कार और ट्रैक्टर में भीषण टक्कर, आठ लोगों की मौत

कटिहार (आरएनएस)। बिहार में देर रात स्कॉर्पियो और ट्रैक्टर की टक्कर में आठ बारातियों की मौत हो गई। यह दुर्घटना कुर्सेला थानाक्षेत्र के एस एच 77 दियारा चांदपुर टिकापट्टी बजरंगबली मंदिर के पास हुई। इस दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को समेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर ने आठ लोगों को मृत घोषित कर दिया।



इस दुर्घटना के बाद जिस घर में खुशी का माहौल था, वह मातम में बदल गया।जानकारी के मुताबिक, करीब एक बजे सड़क पर मक्के से लदी ट्रैक्टर को स्कॉर्पियो ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें आठ लोगों की जान चली गई है। वहीं, दो लोग घायल बताए जा रहे हैं।मोटरसाइकिल से पीछे से आ रहे बाराती ने बताया कि यह बारात पुर्णिया के बरहरा कोठी डिबरा बाजार से कुर्सेला के समीप कोसकीपुर गांव जा रही थी।




# ममता का आरोप- बंगाल लाए जा रहे हैं दंगे फैलाने वाले बाहरी लोग; मुर्शिदाबाद दौरे पर पीड़ितों से मिलीं सीएम

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में दंगे भड़काने के लिए बाहरी लोगों को लाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भाजपा और धार्मिक कट्टरपंथियों की बातों में आकर आपस में झगड़ा न करें। बता दें कि, ममता बनर्जी मुर्शिदाबाद जिले के दंगा प्रभावित इलाकों के दो दिवसीय दौरे पर हैं। मंगलवार को वे शमशेरगंज पहुंचीं और वहां पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, बाहरी लोग यहां दंगा कराने के लिए लाए जा रहे हैं। उनसे उकसावे में मत आइए, भाजपा या किसी भी धार्मिक उग्रवादी की बात सुनकर आपस में फूट मत डालिए।

**वक्फ संशोधन कानून बंगाल में लागू नहीं होगा- ममता**

सीएम ममता ने इस दौरान वक्फ (संशोधन) कानून को लेकर भी स्थिति साफ करते हुए कहा कि इसे बंगाल में लागू नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, इस कानून को लेकर हिंसा करना गलत है। बंगाल में इसे लागू करने का कोई सवाल ही नहीं है। मैं सबको विश्वास दिलाती हूं कि राज्य सरकार आपकी चिंता समझती है। बता दें कि, अप्रैल के दूसरे सप्ताह में वक्फ संशोधन कानून के विरोध में मुर्शिदाबाद के धूलियन, शमशेरगंज और सूती में हिंसा भड़क गई थी। इन दंगों में तीन लोगों की मौत हुई थी, कई लोग घायल भी हुए।



**पीड़ित परिवारों को मिलेगी हर संभव मदद- सीएम**

मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को हरसंभव सरकारी मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा, राज्य सरकार आपके साथ है। जिन लोगों ने हिंसा फैलाई है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। ममता बनर्जी मंगलवार को हेलिकॉप्टर से शमशेरगंज पहुंचीं और स्थानीय ब्लॉक कार्यालय में पीड़ित परिवारों के साथ बैठक की। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि नुकसान का आकलन कर जल्द से जल्द राहत पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

## छत्तीसगढ़ के 14 माओवादियों का तेलंगाना पुलिस के सामने आत्मसमर्पण, ऑपरेशन च्युता से मिलेगा नया जीवन

हैदराबाद (ए.)। छत्तीसगढ़ के प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के 14 सदस्यों ने तेलंगाना पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। पुलिस के अनुसार इन 14 माओवादियों में दो एरिया कमेटी के सदस्य (एसीएम) सदस्य भी शामिल हैं। उन्होंने भद्राद्री कोठागुडेम जिले के पुलिस अधीक्षक बी रोहित राजू के समक्ष में आत्मसमर्पण किया है।आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को ऑपरेशन च्युता के तहत योजनाओं का लाभ मिलेगा। ऑपरेशन च्युता पुलिस प्रशासन की तरफ से शुरू की गई एक पहल है जो तेलंगाना में माओवादी कार्यकर्ताओं को आत्मसमर्पण करने और समाज में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करती है।बता दें कि यह कार्यक्रम जनजातीय समुदायों के लिए कल्याणकारी और विकास योजनाओं पर केंद्रित है और माओवादियों को इन योजनाओं से लाभ उठाने का अवसर मिलता है। पुलिस ने अन्य माओवादी सदस्यों से अपील की है कि यदि वे आत्मसमर्पण करके सामान्य जीवन में लौटना चाहते हैं , तो पास के पुलिस स्टेशन या जिला अधिकारियों से संपर्क करें।गौरतलब है कि सुरक्षाबल ने छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर बड़ा नक्सल मुक्त अभियान चला रहे हैं। इस ऑपरेशन में करीब 24,000 सुरक्षाकर्मी शामिल हैं। हेलीकॉप्टरों और ड्रोनों की सहायता से घने जंगलों में निरीक्षण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित पहाड़ियों में नक्सलियों के खिलाफ 21 अप्रैल को 'मिशन संकल्प' अभियान शुरू किया गया है।



# कोई भी किसान स्लॉट बुकिंग से वंचित नहीं रहे, सभी किसानों का किया जाए गेंहू उपार्जित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने की गेहूं उपार्जन की समीक्षा

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि गेंहू उपर्जान के लिए कोई भी किसान स्लॉट बुकिंग से वंचित नहीं रहे और बुकिंग वाले सभी किसानों का गेंहू उपार्जित किया जाए। किसानों को कोई परेशानी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। उपार्जन केंद्रों पर किसी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब तक 8 लाख 87 लाख से हजार से अधिक पंजीकृत किसानों से 76.60 लाख मैट्रिक टन गेंहू उपार्जित हुआ है। किसानों को 5 मई तक 16 हजार 472 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम पिछले वर्ष का रिकार्ड तोड़ते हुए इस वर्ष 81 लाख मैट्रिक टन गेंहू उपार्जन लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं। यह प्रदेश के किसानों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों को अन्नदाताओं पर गर्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रबी उपार्जन अंतर्गत गेहूं उपार्जन की समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग



जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा उपस्थित थे।

बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2025-26 में 34 लाख 93 हजार एकड़ रकबे में हुए गेंहू उपार्जन के लिए 15 लाख 44 हजार किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया। प्रदेश में 3 हजार 620 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए। स्लॉट बुकिंग से शेष किसानों की बुकिंग के लिए पोर्टल पर सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन किसानों से गेंहू का उपार्जन 9 मई तक किया जाएगा।

## राज्य वक्फ बोर्ड का भोपाल में बनेगा नया भवन

### *पहले की विकृतियों को दूर करने और वक्फ सम्पत्तियों को सुरक्षित रखने के लिए*

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य के वक्फ बोर्ड का नया भवन भोपाल में बनेगा। भवन का नाम पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के नाम पर होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह घोषणा समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित वक्फ सुधार जनजागरण अभियान कार्यक्रम में की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वक्फ दान की सम्पत्ति है। दान की सम्पत्ति का उपयोग समाज हित में होना चाहिए। नये वक्फ कानून में यही संशोधन किया गया है। कानून पहले की विकृतियों को दूर करता है। वक्फ कानून के माध्यम से वक्फ सम्पत्तियों को सुरक्षित रखना सुनिश्चित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों की विश्व भर में सराहना हो रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का अरब देशों जैसे कतर, सऊदी अरब, ईराक, ईरान आदि देशों में सम्मान भारत का सम्मान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाहरी दुश्मन द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में देश के सभी दल और नेता एकजुट हो गए हैं। यह हिन्दुस्तान की खूबसूरती है।

## जुबेर मौलाना गैंग ने हिस्ट्रीशीटर बदमाश के दो ठिकानों पर की हवाई फायरिंग, वाहनो में की तोड़फोड़

भोपाल(ए)। राजधानी के कुख्यात बदमाश जुबेर मौलाना ने अपने साथियो के साथ मिलकर अलसुबह मंगलवारा के हिस्ट्री शीटर बदमाश साद खॉन के दो ठिकानों पर फायरिंग कर वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। हैरानी की बात यह है, की भोपाल पुलिस के रिकार्ड के मुताबिक बदमाश जुबेर करीब 6 महीनों से फरार चल रहा है। और फरारी में रहते हुए ही वारदात को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक साद खॉन मंगलवारा थाने का हिस्ट्री शीटर बदमाश है, जो कुछ महीने पहले ही जेल से छूटा है। बदमाश साद का पुश्तैनी मकान छावनी में है, जहॉ उसकी मां सहित अन्य रिश्तेदार रहते हैं। जबकि साद फिलहाल ऐशबाग इलाके में रह रहा है। शहर के कुख्यात बदमाश जुबेर मौलाना से साद की पुरानी रंजिशं चल रही है। जारी रंजिश को लेकर सोमवार की रात साद और जुबेर के बीच सोशल मीडिया पर बहसबाजी हो गई थी, और दोनों ने एक दूसरे को मैसेज और ऑडियो रिकार्ड कर धमकी भरे मैसैज किये थे। धमकी देने के बाद बदमाश जुबेर ने सुबह करीब 5 बजे अपने साथियो के साथ दो पहिया वाहन से छावनी में साद के पुश्तैनी मकान के बाहर हवाई फायरिंग कर वहां खड़े आधा दर्जन से अधिक वाहनों में भी तोड़फोड़ कर दी। क्षेत्र में दहशत फैलाने के बाद बदमाश अपने साथियो के साथ फरार हो गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। बताया जा रहा है, कि जुबेर और उसके चार गुर्गे तीन दो पहिया वाहनो पर सवार होकर आए थे।

## एक नज़र

### तेज हवाओं और बवंडर के कारण विंध्य क्षेत्र में चार ट्रांसमिशन टॉवर क्षतिग्रस्त

भोपाल (आरएनएस)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है गत दिवस तेज हवाओं और बवंडर के कारण विंध्य क्षेत्र स्थित मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की 220 के.व्ही. अमरकंटक-सीधी तथा 220 के.व्ही. सीधी-रीवा ट्रांसमिशन सर्किट के चार टॉवर क्षतिग्रस्त हो गये। इस कारण अमरकंटक से सीधी 220 के.व्ही. सर्किट में विद्युत प्रवाह प्रभावित हुआ, लेकिन 220 के व्ही सबस्टेशन सीधी में वैकल्पिक ट्रांसमिशन सप्लाई उपलब्ध होने से क्षेत्र में इस कारण कोई विद्युत व्यवधान नहीं हुआ। साथ ही इससे अमरकंटक थर्मल पावर स्टेशन चचाई में उत्पादित विद्युत की निकासी एवं पारेषण पर भी कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा और अन्य सर्किट अनूपपुर एवं जबलपुर में विद्युत आपूर्ति निर्विघ्न बनी रही। एम पी ट्रांसको के मुख्य अभियंता संदीप गायकवाड़ ने बताया कि विंध्य क्षेत्र में सोन नदी के आसपास मौसम के अचानक बिगड़ने से उपरोक्त दोनों सर्किट में दो टॉवर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए तथा दो अन्य टॉवर आंशिक रूप से प्रभावित हुए। इन टॉवरों में से एक 72 मीटर ऊँचाई का विशेष ट्रांसमिशन टॉवर है, जो सोन नदी क्रॉसिंग के लिए स्थापित किया गया था।

### भोपाल में तीन दिवसीय विज्ञान शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला शुरु

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में सोमवार से तीन दिवसीय विज्ञान शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू हुई। कार्यशाला में प्रदेश के चयनित मास्टर्स ट्रेनर्स सहभागिता कर रहे हैं। यह मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने जिलों में जाकर जिले के विज्ञान शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। कार्यशाला में विज्ञान शिक्षकों के लिए कक्षा 6 से 12 के प्रायोगिक एवं प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण व्यवस्था की जानकारी दी जा रही है। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को 'करके सीखने' की पद्धति, प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण और 21वीं सदी के कौशलों से विद्यार्थियों को सशक्त करना है। इस व्यवस्था से विद्यार्थी जिज्ञासु, सहभागी और विज्ञान के प्रति जागरूक हो सकेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग नई शिक्षा नीति के आधार पर शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष जोर दे रहा है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिये विज्ञान शिक्षको की कार्यशाला आयोजित की जा रही है।विज्ञान शिक्षा का 'नवोन्मेष' मॉड्यूल तीन दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षण का चरणबद्ध संचालन मार्गदर्शित करता है। इस मॉड्यूल से विज्ञान विषय के मास्टर ट्रेनर्स संभाग स्तरीय प्रशिक्षण को प्रभावी बना सकेंगे। प्रशिक्षण का दूसरा मॉड्यूल 'प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण' है। इस मॉड्यूल में राज्य के शिक्षकों द्वारा पूर्व वर्षों में किए गए सफल प्रोजेक्ट्स को संकलित करना है, जो आगामी सत्र के लिए प्रोजेक्ट योजनाओं का मार्गदर्शन करेगा।अपर संचालक रविन्द्र सिंह ने सभी मास्टर ट्रेनर्स को संबोधित किया।

### उप पुलिस अधीक्षकों का दीक्षांत समारोह 7 मई को

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश पुलिस प्रशिक्षण अकादमी भौंरी भोपाल स्थित परेड ग्राउण्ड में सात मई को प्रात: 08 बजे 43 वें बैच के उप पुलिस अधीक्षकों का दीक्षांत समारोह पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा।इस बैच में कुल 19 अधिकारी प्रशिक्षण पूर्ण होकर प्रदेश की सेवा के लिये उपलब्ध हो जाएंगे। समारोह में मुख्य अतिथि परेड की सलामी लेंगे तथा परेड का निरीक्षण करेंगे। मुख्य अतिथि द्वारा बैच के विजेता अधिकारियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया जाएगा।

### लव जेहाद ने पूरे देश को हिला डाला, महिला मंत्री ने मुंह पर ताला डाला : सुश्री संगीता शर्मा

भोपाल(आरएनएस)। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में सामने आए कथित लव जेहाद के प्रकरण पर राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर की चुप्पी पर कांग्रेस ने जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता सुश्री संगीता शर्मा ने इस प्रकरण में प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक मात्र महिला मंत्री और भोपाल की गोविंदपुरा सीट से विधायक श्रीमती कृष्णा गौर की चुप्पी को लेकर तीखे सवाल खड़े किए हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुश्री शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक सशक्त ट्वीट करते हुए लिखा, लव जेहाद ने पूरे देश को हिला डाला और महिला मंत्री ने मुँह पर डाल रखा है ताला प्रदेश की बेटियों का बार-बार चीरहरण हुआ और महिला मंत्री ने मौन धारण कर रखा है उन्होंने आगे कहा कि यह न केवल एक प्रशासनिक उदासीनता का मामला है, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण की उस संकल्पना पर भी सवालिया निशान लगाता है, जिसकी दुहाई भाजपा बार-बार देती आई है। सुश्री शर्मा ने आरोप लगाया कि जब महिलाओं पर संकट आता है, तो उनसे जुड़े मंत्रालय की ज़िम्मेदारी होती है कि वे आगे आएं, आवाज़ उठाएं।

## दहेज की डिमांड पूरी न होने पर दिया तीन तलाक, कर ली दूसरी शादी




भोपाल (आरएनएस)। परवलिया सड़क पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना सहित तीन तलाक का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक परवलिया सड़क निवासी 35 साल की महिला ने अपनी शिकायत में बताया की उसकी शादी साल 2009 में जामनेर शुजालपुर में रहने वाले मेहमूद अली से हुई थी। पति मेहमूद खेती-किसानी करता है। आरोप है की शादी के थोड़े समय बाद से ही मेहमूद दहेज में नगदी व बाइक की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगा था। डिमांड पूरी न होने पर करीब दो साल पहले वह उसे मायके छोड़ गया।

उसके बाद वह पत्नी को लेने नहीं आया। आरोप है कि बीती 6 जनवरी 2025 को मेहमूद अपनी ससुराल आया था। यहॉ उसका पत्नी से विवाद हुआ और वह उसे तीन तलाक देकर चला गया था। उस समय पीड़िता ने थाने में शिकायत नहीं की थी। लेकिन पिछले दिनों जब पीड़िता को पता चला कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है तब वह थाने जा पहुंची। शिकायत मिलने पर पुलिस ने पति के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

## पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक ने की समीक्षा बैठक

### अधोसंरचना कार्य, सेफ्टी एवं ट्रेन पंक्चुवेलिटी पर हुई चर्चा

भोपाल (निप्र)। पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में को-आर्डिनेशन रिव्यु मीटिंग सम्पन्न हुई। इस बैठक में अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री एवं प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीन खोराना, प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर एम विजय कुमार, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक गुरिंदर मोहन सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधल कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य इंजीनियर आशुतोष, प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस डी पाटीदार, प्रमुख मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर मुकेश, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त राजीव कुमार यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम, एस हाशमी सहित मुख्यालय के अन्य विभाग के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। इसके आलावा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में सेफ्टी, पंक्चुवेलिटी, रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन पर जोर देने पर बात हुई। इसके साथ ही अधोसरंचनात्मक कार्यों की समीक्षा, अमृत स्टेशनों के पुर्नविकास, रेल मदद, माल ढुलाई से आय की वृद्धि




जैसे अनेक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। महाप्रबंधक ने पश्चिम मध्य रेलवे में चल रही रेल परियोजनाओं और अन्य विकासात्मक अधोसरंचना कार्यों के निर्धारण, समाप्ति क्रियान्वयन और प्रगति के लिए पश्चिम मध्य रेल के पूंजी व्यय योजना पर विस्तार से चर्चा की। महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा पश्चिम मध्य रेलवे की प्राथमिकता हैं। उन्होंने ने संरक्षा एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से सम्बंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही रेलपथों, वेल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा मानसून के तहत संरक्षा के मानकों के दिशा-निर्देशों के नियमों का पालन सुनिश्चित करने जैसे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रेलगाड़ियों की पंक्चुअलिटी मॉनिटर करने, एवं ट्रेनों की स्पीड सबंधी कार्यों तथा सेफ्टी पर जोर देने की बात कही। मीटिंग के दौरान महाप्रबंधक ने कहा कि ओरजिनेटिंग रेवन्यू बढ़ाने के हेतु कारगर उपायों पर ध्यान दिया देने की आवश्यकता है। इसके अलावा स्टेशन पुनर्विकास अधोसरंचना निर्माण कार्यो में तेजी लाने और समयसीमा में पूर्ण करने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा अमृत स्टेशन योजना के तहत चल रहे स्टेशन रि-डेवलपमेंट के कार्यो में तेजी लाने और समयसीमा में पूर्ण करने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मीटिंग के दौरान महाप्रबंधक ने कहा कि यात्री सुविधाओं के तहत रेल मदद एनालिसिस पर विशेष जोर देने की जरुरत है। उन्होंने मंडलों को निर्देश दिए कि वे रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन के लिए संरक्षा अभियानों का अनुपालन सुनिश्चित करें और जहां भी जरूरी हो वहां कर्मचारियों को परामर्श दें। उन्होंने कहा कि सिग्नलों, रेल फ्रेक्चरों और रेल वेल्डों की व्यापक निगरानी की जानी चाहिए। उन्होंने रेल परिचालन में मानव विफलता को कम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रेल दुर्घटनाएं न हों इसके लिए ड्यूटी पर सतर्क रहें।



कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल की उपस्थिति में संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में एनआईटीटीटीआर के साथ एमओयू हुआ।

## नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण में होंगे समझौते




भोपाल(आरएनएस)। प्रदेश में 10 मई 2025 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी। इसमें बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही प्रकरणों में छूट दी जाएगी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। प्री-लिटिगेशन स्तर पर - कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। लिटिगेशन स्तर पर - कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा।

## मंत्री गणों से प्राप्त विकास कार्यों क़े प्रस्तावों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करें : जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट



भोपाल (ए.)। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि मंत्रीगणों से प्राप्त विकास कार्यों क़े प्रस्तावों पर विभागीय अधिकारी प्राथमिकता से कार्यवाही करें. साथ ही कार्यों की प्रगति से उन्हें समय समय पर अवगत भी कराएं. जनजातीय क्षेत्रों में सिंचाई की छोटी-छोटी योजनाएँ बनाकर उन पर कार्य किया जाए। मंत्री श्री सिलावट मंगलवार को मंत्रालय में मंत्री गणों से प्राप्त विकास कार्यों के प्रस्तावों पर विभागीय क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे. बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, विभाग के प्रमुख अभियंता विनोद देवड़ा तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जल संसाधन विभाग के अंतर्गत नहरों के पक्कीकरण कार्य, बैराज एवं तालाब निर्माण की स्वीकृति, तालाबों एवं बैराजों की साध्यता स्वीकृति आदि विकास कार्यों के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिए गए।

## वेटिंग यात्रियों के लिए राहत: भोपाल मंडल से समर स्पेशल ट्रेनें

भोपाल (निप्र)। पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या और अतिरिक्त मांग को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु विभिन्न दिशाओं में साप्ताहिक एवं द्वि-साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। ये ट्रेनें विशेष किराये पर चलाई जा रही हैं और भोपाल मंडल के विभिन्न प्रमुख स्टेशनों जैसे रानी कमलापति, इटारसी, नर्मदापुरम, हरदा, बीना, रुठियाई एवं गुना आदि से होकर गुजरती हैं।

इन विशेष ट्रेनों का उद्देश्य यात्रियों को गंतव्य तक आरामदायक और निर्बाध यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना है। इन ट्रेनों के प्रमुख मार्ग एवं विवरण निम्नानुसार हैं:-

**1. रीवा-सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक विशेष ट्रेन:**

गाड़ी संख्या 02187 रीवा से प्रत्येक गुरुवार को 15:50 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 12:20 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT) पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 02188 CSMT से प्रत्येक शुक्रवार को 13:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 09:45 बजे रीवा पहुँचेगी। यह ट्रेन भोपाल मंडल के इटारसी व हरदा स्टेशनों से होकर गुजरती है। इस गाड़ी के ठहराव: रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, मनमाड, नासिक रोड, कल्याण, दादर, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस।

**2. रीवा-चर्लपल्ली (सिकंदराबाद)-रीवा द्वि-साप्ताहिक विशेष ट्रेन**

गाड़ी संख्या 01704 रीवा से प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को 13:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 14:45 बजे चर्लपल्ली पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 01703 चर्लपल्ली से प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को 16:55 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 03:30 बजे रीवा



पहुँचेगी। यह ट्रेन भोपाल मंडल के बीना, रानी कमलापति और इटारसी स्टेशनों से होकर जाती है। इस गाड़ी के ठहराव: रीवा, सतना, मैहर, कटनी, दमोह, सागर, बीना, रानी कमलापति, इटारसी, बैतूल, आमला, नागपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागज़नगर, बेलमपल्ली, मंचेरियल, पेद्दापल्ली, काज़ीपेट, जंगांव, चारलापल्ली।

**3. रानी कमलापति-सहरसा-रानी कमलापति साप्ताहिक विशेष ट्रेन**

गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति से प्रत्येक सोमवार को 16:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 15:15 बजे सहरसा पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 01664 सहरसा से प्रत्येक मंगलवार को 18:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 21:10 बजे रानी कमलापति पहुँचेगी। यह ट्रेन भोपाल मंडल के रानी कमलापति, नर्मदापुरम और इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरती है। इस गाड़ी के ठहराव: रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, मानसी, सहरसा।

**4. रानी कमलापति-हड़पसर (पुणे)-रानी कमलापति साप्ताहिक विशेष ट्रेन**

गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति से प्रत्येक गुरुवार को 08:35 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 00:30 बजे हड़पसर (पुणे) पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 01668 हड़पसर से प्रत्येक शुक्रवार को 06:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 22:55 बजे रानी कमलापति पहुँचेगी। यह ट्रेन भोपाल मंडल के रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी एवं हरदा स्टेशनों से होकर गुजरती है। इस गाड़ी के ठहराव: रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, मनमाड, कोपरगांव, अहमदनगर, दौंड, हडपसर (पुणे)।

नोट: हड़पसर स्टेशन पुणे के यात्रियों के लिए उपयुक्त विकल्प है।

**5. सोगरिया-दानापुर-सोगरिया साप्ताहिक विशेष ट्रेन**

गाड़ी संख्या 09819 सोगरिया से प्रत्येक सोमवार को 12:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 10:00 बजे दानापुर पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 09820 दानापुर से प्रत्येक मंगलवार को 12:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 11:00 बजे सोगरिया पहुँचेगी। यह ट्रेन भोपाल मंडल के रुठियाई और गुना स्टेशनों से होकर गुजरती है।

इस गाड़ी के ठहराव: सोगरिया, बारां, रूठियाई जंक्शन, गुना, सागर, दमोह, कटनी मूड़वारा, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, विंध्याचल, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर। यात्रियों से अनुरोध है कि इन ट्रेनों की आरक्षण सुविधा का लाभ उठाने के लिए किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्र या www.irctc.co.in वेबसाइट से ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। ट्रेनों के स्टेशनों पर ठहराव व समय सारिणी की जानकारी हेतु www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप का उपयोग किया जा सकता है।

# इंदौर में तीसरे दिन भी तेज हवा के साथ बारिश, कई इलाकों में जलजमाव, बिजली गुल

इंदौर(ए.)। इंदौर में बारिश का दौर लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। मंगलवार दोपहर पहले 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली। कई पेड़ों की टहनियां गिर गई। तीसरे दिन भी ज्यादातर क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई।

इसके बाद फिर तेज बिजलिया कड़की और बारिश का दौर शुरू हुआ, 20 मिनट तक तेज बारिश के बाद बूंदों की रफ्तार थोड़ी कम हुई, लेकिन तब तक शहर की कई सड़कों पर पानी भर गया था और ट्रैफिक थम गया था।

इंदौर में बेमौसम बारिश ने तीसरे दिन भी जिम्मेदार विभागों की कलाई खोल दी। सड़कों पर जलजमाव हो गया और लोग ट्रैफिक थम गया। लोग बारिश से बचने के लिए इधर-उधर भागे, लेकिन तेज हवा के साथ आ रही आड़ी-तिरछी पानी की बूंदों ने लोगों को भिगो दिया। तेज हवा के कारण तीसरे दिन भी पोस्टर फटने, पेड़ों की टहनियां गिरने जैसे हालात बने। शहर के छत्रीबाग, हेमू कालानी चौराहा, पलसीकरण क्षेत्र, अहिल्याश्रम, एमआर-10 क्षेत्र, खजराना चौराहा, विजय नगर चौराहा पर जलजमाव हो गया। इससे ट्रैफिक की गति भी बाधित हुई। बारिश खुलने के बाद जब वाहन एक साथ सड़कों पर निकले तो ट्रैफिक जाम हो गया।

**मई में पहली बार इतनी बारिश**

मई माह में पहले इतनी बारिश कभी नहीं हुई। अब तक शहर में पौने चार इंच बारिश




हो चुकी है। मानसून आने के सवा माह पहले बारिश के तेवर देखकर शहरवासी भी हैरान है। मंगलवार को भी बारिश के कारण कई विवाह समारोह प्रभावित हुए। मंगलवार को भी आधा इंच से ज्यादा बारिश हुई।

**गर्मी गायब, लुढ़का पारा**

बारिश के कारण मई माह की तपन छूमंतर हो गई है। सोमवार रात हुई बारिश के कारण न्यूनतम तापमान 19 डिग्री रहा, जो सामान्य से पांच डिग्री कम था। इसी तरह दिन का तापमान भी 35 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से छह डिग्री कम था।

## मस्तक पर त्रिपुंड लगाकर रमाई भस्म, आकर्षक स्वरूप में नजर आए बाबा महाकाल



उज्जैन (ए.)। श्री महाकालेश्वर मंदिर में आज वैशाख शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि मंगलवार की सुबह 4 बजे हुई भस्म आरती के दौरान बाबा महाकाल का पंचामृत पूजन-अभिषेक कर आकर्षक स्वरूप में श्रृंगार किया गया। श्रृंगार के बाद बाबा महाकाल को भस्म रमाई गई। इस दौरान भक्तों ने इन दिव्य दर्शनों का लाभ लिया और जय श्री महाकाल के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा।



## शाहपुर रेंज में मृत मिली बाघिन, गर्भ में पल रहे तीन शावकों की भी मौत, जांच में जुटी टीम

बुरहानपुर (ए.)। मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले के शाहपुर रेंज में वन अमले को एक बाघिन का शव मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे वन अमले ने एनटीसीए नई दिल्ली और मुख्य वन जीव अभिरक्षक के दिशा निर्देश अनुसार स्थल और आसपास के क्षेत्र की छानबीन शुरू की। उसके बाद जब मादा बाघिन का पोस्टमार्टम कराया गया तो फिर से चौंकाने वाला खुलासा हुआ।

## तलाक से दुखी युवक ने लगा ली फांसी, तीन माह पहले प्रेम विवाह किया था



इंदौर (ए.)। इंदौर के तुकोगंज क्षेत्र में एक युवक ने तलाक से दुखी होकर फांसी लगा ली। युवक ने जिस युवती से कुछ माह पहले प्रेम विवाह किया था, उससे विवाद शुरू हो गए। दोनों ने अलग होने का फैसला लिया, लेकिन इस बार से युवक राजकुमार पिता गुलशन पाटिल इतना तनाव में आ गया है कि उसने अपनी जिंदगी खत्म कर ली। उसने दो बार पहले भी आत्महत्या करने की कोशिश की थी।

राजकुमार एक दफ्तर में काम करता था। वहां उसकी पहचान मुस्कान नामक युवती से हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती हुई और शादी करने का फैसला लिया। बताते है कि मुस्कान को गंभीर बीमारी थी, इस कारण राजकुमार के परिजन शादी के लिए तैयार नहीं थे। राजकुमार ने परिवार वालों को बताए बगैर प्रेम विवाह कर लिया, लेकिन शादी के कुछ दिनों बाद ही दोनों के बीच विवाद होने लगे। दो माह में राजकुमार ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की। जब यह बात परिजनों को पता चली तो उन्होंने दोनो के बीच तलाक करवा दिया। इसके बाद से वह तनाव में था और उसने जान दे दी। वह परिवार का इकलौता लड़का था।

**माता-पिता बाहर गए थे**

राजकुमार के माता-पिता एक समारोह में खरगोन गए थे। वह अपनी बहन और जीजाजी के साथ था। जीजा रवि ने बताया कि रात को हमने साथ में खाना खाया। उसकी बातों से नहीं लगा कि वह गंभीर तनाव में है। कुछ देर बाद बिजली गुल हो गई। वह उपर के रुम में सोने का बोलकर चला गया। एक घंटे बाद हम कमरे में पहुंचे तो वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। राजकुमार को फांसी के फंदे से उतारा और पुलिस को सूचना दी।



## धार के दो बेटों ने बढ़ाया मान, सरफराज ने दूसरा और कृष्णप्रताप ने प्राप्त किया पांचवां स्थान

धार (ए.)। मध्य प्रदेश में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम मंगलवार को घोषित किए गए। बोर्ड परीक्षा परिणाम में धार जिले के दो छात्रों ने प्रदेश की सूची में दूसरा और पांचवां स्थान प्राप्त किया है। 12वीं विज्ञान-गणित समूह में ग्राम खाचरोदा के सरफराज पटेल ने प्रदेश में संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने 500 में से 490 अंक प्राप्त किए हैं। सरफराज पटेल धार जिले के छोटे से गांव खाचरोदा के रहने वाले हैं। उनके पिता आजाद पटेल शासकीय स्कूल में शिक्षक हैं और खेती भी करते हैं। सरफराज ने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पढ़ाई पर फोकस किया और यह मुकाम हासिल किया। वर्तमान में वे कोटा में जेईई मेन्स की तैयारी कर रहे हैं।

## गांव में रहने वाले छात्र साकेत दुबे ने एग्रीकल्चर में लहराया परचम, प्रदेश में पाई दूसरी रैंक



नरसिंहपुर (ए.)। आज एमपी बोर्ड का 12वीं कक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। इस रिजल्ट में नरसिंहपुर जिले के एक छोटे से गांव से पढ़ने वाले छात्र ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। खुलरी गांव स्थित मॉडर्न इंटरनेशनल हाई सेकेंडरी स्कूल, जो तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में आता है, वहां अध्ययनरत छात्र साकेत दुबे, पुत्र बिहारी लाल दुबे एवं माता सविता दुबे ने एग्रीकल्चर संकाय में प्रदेश में दूसरी रैंक प्राप्त की है। साकेत ने कुल 500 में से 484 अंक अर्जित किए हैं, जो अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। गांव के इस होनहार छात्र की सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। स्कूल प्रबंधन, शिक्षकगण और परिजनों ने साकेत की इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

**नरसिंहपुर की प्राची कौरव की बड़ी उपलब्धि**



एमपी बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के रिजल्ट में नरसिंहपुर जिले की एक होनहार बेटी ने जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। ग्राम इमलिया कल्याणपुर निवासी संतोष कौरव की बेटी प्राची कौरव ने 500 में से 496 अंक अर्जित कर प्रदेश में पांचवां स्थान और जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्राची की यह सफलता इसलिए और भी विशेष है। क्योंकि वह एक छोटे से गांव इमलिया कल्याणपुर की रहने वाली हैं और नारगी गांव स्थित सेंट मेरिज कॉन्वेंट स्कूल में सीमित संसाधनों के बीच पढ़ाई करती थीं। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर माता-पिता, स्कूल प्रबंधन और शुभचिंतकों ने उन्हें ढेरों बधाइयां और शुभकामनाएं दी हैं।

## इंदौर की जेल देखकर हो जाएंगे दंग, खानपान से लेकर कैदियों के स्वास्थ्य पर भी होगा ध्यान





इंदौर (ए.)। सांवेर रोड स्थित नई सेंट्रल जेल का निर्माण बीते कई वर्षों से अधूरा पड़ा था, जिसे पूरा करने के लिए शासन ने 217 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की। लोक निर्माण विभाग ने टेंडर जारी कर इस परियोजना का कार्य बीसीसी रियल इन्फ्रा कंपनी को सौंपा। इसके तहत अब दूसरे चरण का निर्माण कार्य चल रहा है। इस नई जेल में 4,000 से अधिक कैदियों के लिए व्यवस्था होगी और यहां 60 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक अस्पताल भी बनेगा, जिसमें कैदियों को आपातकालीन एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

**130 साल पुराने कानूनों में बदलाव की तैयारी, नया जेल अधिनियम रास्ते में**

130 साल पुराने अंग्रेजों के बनाए जेल कानूनों में अब संशोधन की तैयारी की जा रही है। मोहन सरकार इस दिशा में कदम बढ़ा रही है और सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के मुताबिक नया जेल अधिनियम तैयार किया जा रहा है। यह अधिनियम कैबिनेट की मंजूरी के बाद नोटिफाई किया जाएगा। हालांकि पूर्व में जारी नोटिफिकेशन पर अमल नहीं हो पाया है। इंदौर की वर्तमान सेंट्रल जेल शहर के मध्य और घनी आबादी वाले क्षेत्र में स्थित है, जिससे इसकी शिफ्टिंग की योजना बनी और सांवेर रोड पर 50 एकड़ में नई जेल का निर्माण प्रारंभ हुआ।

**नई जेल में थर्ड जेंडर बैरक, सुधारात्मक गृह की अवधारणा**

पहले हाउसिंग बोर्ड को यह परियोजना सौंपी गई थी, लेकिन बाद में यह निजी कंपनी को दे दी गई। विवादों के बाद अब शेष कार्य लोक निर्माण विभाग से करवाया जा रहा है। हाल ही में 168 करोड़ रुपए का टेंडर शेष निर्माण कार्यों के लिए पास हुआ। दूसरे चरण के अंतर्गत प्रशासनिक ब्लॉक, क्वार्टर और अन्य बैरकों का निर्माण हो रहा है। 4,000 से अधिक कैदियों की क्षमता वाली इस जेल में थर्ड जेंडर के लिए भी अलग बैरक बनाई जा रही है। नया जेल अधिनियम, जो 1 जनवरी से लागू होना था, अब सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार संशोधित हो रहा है।

# व्यापार समाचार

## मात्र 10 मिनट में रेडमी वॉच मूव के बिके 1000 यूनिट

नई दिल्ली (ए.)। बीती 1 मई को आयोजित सेल में रेडमी वॉच मूव बेहद तेजी से बिकी और केवल 10 मिनट के भीतर इसके 1000 से अधिक यूनिट्स फ्लिपकार्ट पर बिक गए। भारत में रेडमी वॉच मूव ने अपनी पहली ही सेल में नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है।



इस दमदार रिस्पॉन्स के बाद कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी कि रेडमी वॉच मूव फ्लिपकार्ट पर सबसे ज्यादा बिकने वाली स्मार्टवॉच बन गई है। सिर्फ 1,999 रुपये की कीमत पर उपलब्ध यह स्मार्टवॉच ब्लू ब्लेज, ब्लैक ड्रिफ्ट, गोल्ड रश और सिल्वर स्प्रिंट जैसे आकर्षक रंगों में आती है। इसमें 1.85 इंच की रैक्टेंगुलर 2.5डी कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले दी गई है, जिसका रिजॉल्यूशन 390गुणा450 पिक्सेल है। यह 60 हट्र्ज रिफ्रेश रेट, 600 निट्स ब्राइटनेस और ऑलवेज-ऑन डिस्प्ले के साथ शानदार व्यूइंग अनुभव प्रदान करती है। रेडमी वॉच मूव में 140 से ज्यादा स्पोट्र्स मोड और कई हेल्थ ट्रैकिंग फीचर्स जैसे हार्ट रेट, एसपीओ, स्ट्रेस लेवल, स्लीप और मेंस्ट्रुअल साइकल ट्रैकर मौजूद हैं।

300 एमएएच बैटरी से लैस यह वॉच सामान्य उपयोग में 14 दिनों तक चलती है। इसमें अल्ट्रा बैटरी सेवर मोड भी दिया गया है। महज 25 ग्राम वजन वाली यह वॉच ढ्ढक्68 डस्ट और वाटर रेसिस्टेंस के साथ आती है। पहली सेल की सफलता ने इसे बाजार में हिट बना दिया है।

## फिर एक लाख के करीब पहुंचा सोने का भाव, 2400 रुपये की हुई बढ़ोतरी; जानें 10 ग्राम की कीमत



नई दिल्ली (ए.)। देश-दुनिया में तमाम उठापटक के बीच आज सोने के दामों जबरदस्त उछाल देखने को मिली है। जिसकी वजह से सोने की कीमत फिर से एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पास पहुंच गया है। सोमवार को सोने की कीमत 97,350 रुपये प्रति 10 ग्राम थी वहीं आज ये 2400 रुपये महंगा होकर 99,750 रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी मंगलवार को 2,400 रुपये बढ़कर 99,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पिछले सत्र में इसका दाम 96,900 रुपये था।

**अमेरिका-चीन तनाव ने बढ़ाई मांग**

मामले में अबंस फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ चिंतन मेहता के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से नए टैक्स लगाने की घोषणा के बाद निवेशकों का रुझान फिर से सोने की ओर बढ़ा है। ट्रंप ने विदेशों से आने वाली दवाओं और फिल्मों पर भारी शुल्क लगाने की बात कही है। इससे व्यापारिक तनाव और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ने की आशंका बढ़ी है।

**चांदी भी चमकी, 1800 रुपये बढ़ी कीमत**

सोने के साथ-साथ चांदी की चमक भी बढ़ी है। सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, चांदी की कीमत 1,800 रुपये बढ़कर 98 हजाप 500 रुपये प्रति किलो पहुंच गई है।



## इस साल जापान को पीछे छोड़ दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत, 2028 में हासिल कर लेगा ये बड़ा मुकाम

नई दिल्ली (ए.)। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के नवीनतम विश्व आर्थिक आउटलुक के अप्रैल 2025 के संस्करण के अनुसार, भारत इसी साल जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी 4,187.017 बिलियन डॉलर रहने की उम्मीद है, जो जापान के संभावित जीडीपी से थोड़ी अधिक है। इस वित्त वर्ष में जापान की अनुमानित जीडीपी 4,186.431 बिलियन डॉलर रहने का अनुमान लगाया है। अब भारत से आगे सिर्फ अमेरिका, चीन और जर्मनी है।





## अप्रैल में टाटा पंच को लगा तगड़ा झटका

नई दिल्ली (ए.)। टाटा मोटर्स की सबसे लोकप्रिय कारों में से एक टाटा पंच को अप्रैल 2025 में तगड़ा झटका लगा है। टाटा पंच भारतीय बाजार में टॉप-10 सबसे ज्यादा बिकने वाली कारों की सूची से बाहर हो गई है। इस लिस्ट में महिंद्रा की स्कॉर्पियो ने अपनी जगह बना ली है, जो लंबे समय से टॉप-10 से बाहर चल रही थी। अप्रैल महीने में स्कॉर्पियो की 15,534 यूनिट्स की बिक्री हुई और वह पांचवें स्थान पर रही। यह प्रदर्शन इसलिए भी चौंकाने वाला है क्योंकि पिछले छह महीनों में टाटा पंच की बिक्री स्कॉर्पियो से बेहतर रही थी। उदाहरण के लिए, नवंबर 2024 में टाटा पंच की 15,435 यूनिट और स्कॉर्पियो की 12,704 यूनिट बिकी थीं। इसी तरह मार्च 2025 में पंच की 17,717 यूनिट्स और स्कॉर्पियो की 13,913 यूनिट्स बिकीं। लेकिन अप्रैल में अचानक पंच की बिक्री गिर गई और स्कॉर्पियो ने बढ़त बना ली।

अप्रैल 2025 की टॉप-10 कारों में पहले स्थान पर हुंडई क्रेटा रही, जिसकी 17,016 यूनिट्स बिकीं। उसके बाद मारुति डिजायर, ब्रेजा और अर्टिगा का स्थान रहा। टॉप-10 में टाटा नेक्सन भी शामिल रही, लेकिन पंच बाहर हो गई। स्कॉर्पियो की सफलता के पीछे इसका दमदार डिजाइन, उन्नत फीचर्स और मजबूत सुरक्षा रेटिंग मानी जा रही है। इसमें एलईडी प्रोजेक्टर हेडलाइट्स, 6 एयरबैग्स, और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे फीचर्स शामिल हैं।

## भारत-पाकिस्तान में तनातनी के बीच गिरावट के साथ बंद शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान पर



नई दिल्ली (ए.)। बैंकिंग एवं पेट्रोलियम शेयरों में मुनाफावसूली आने और भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से निवेशकों की सतर्कता के चलते मंगलवार को शेयर बाजारों में गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 156 अंक फिसल गया, जबकि निफ्टी में 82 अंक की गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार को गिरवाट के साथ खुला सेंसेक्स 155.77 अंक गिरकर 80,641.07 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 81.55 अंक गिरकर 24,379.60 पर पहुंच गया।

कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को दो दिनों की बढ़त के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 155.77 अंक या 0.19 प्रतिशत गिरकर 80,641.07 पर बंद हुआ। दिन के दौरान यह 315.81 अंक या 0.39 प्रतिशत गिरकर 80,481.03 के स्तर तक पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 81.55 अंक या 0.33 प्रतिशत गिरकर 24,379.60 पर आ गया। विश्लेषकों ने कहा कि नीतिगत दर पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व निर्णय और अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता पर चिंताओं से पहले बाजार में कारोबारी गतिविधियां सीमित दायरे में रहीं।

**इन शेयरों में गिरावट**

सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक और सन फार्मा में सबसे ज्यादा गिरावट आई।

**लाभ में रहे ये शेयर**

दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले और मारुति के शेयरों में तेजी का रुख रहा। बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 294.85 अंक चढ़कर 80,796.84 अंक पर और एनएसई निफ्टी 114.45 अंक बढ़कर 24,461.15 अंक पर बंद हुआ था।

**दुनिया के शेयर बाजारों का हाल**

एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। दक्षिण कोरियाई और जापानी बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को नकारात्मक दायरे में बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 497.79 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.76 प्रतिशत उछलकर 61.85 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## 'साल 2025 में डॉलर के मुकाबले 85 से 87 रुपये बनी रहेगी रुपये की कीमत', एसबीआई रिपोर्ट में दावा





नई दिल्ली (ए.)। साल 2025 में अमेरिकी डॉलर (यूएसडी) के मुकाबले भारतीय रुपया 85 से 87 रुपये के बीच स्थिर रह सकता है। कई ऐसे वैश्विक और घरेलू कारक रुपये को मजबूती देने में मदद कर सकते हैं और आने वाले महीनों में डॉलर/रुपया विनिमय दर को स्थिर बनाए रख सकते हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक हालिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट में कहा गया, हम उम्मीद करते हैं कि डॉलर/रुपया की विनिमय दर 2025 में 85-87 रुपये के बीच स्थिर रहेगी। टैरिफ का घरेलू स्तर पर असर डॉलर पर पड़ेगा, जिससे रुपये को समर्थन मिलेगा। इसमें आगे कहा गया,डीएक्सवाई इंडेक्स के गिरने की संभावना है, क्योंकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर टैरिफ का असर दिखने लगेगा। डीवाईएक्स इंडेक्स अमेरिकी डॉलर को अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले मापता है। डॉलर के कमजोर होने से भारत जैसे उभरते बाजारों की मुद्राओं की लाभ होगा। इसमें यह भी बताया गया कि नॉन-डिलीवेरेबल फॉरवर्ड (एनडीएफ) बाजार में मई 2026 में एक डॉलर की कीमत करीब 85.87 से 86 रुपये हो सकती है। इसका मतलब है कि आने वाले समय में डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में ज्यादा बदलाव नहीं आएगा।

**अमेरिका में मार्च में घट गई महंगाई दर**

अमेरिका के हालिया आर्थिक हालात पर बात करते हुए रिपोर्ट में बताया गया कि मार्च 2025 में अमेरिका में सालाना महंगाई दर घटकर 2.4 फीसदी हो गई। वहीं, अप्रैल में गैर-कृषि क्षेत्र में 1.77 लाख नई नौकरियां पैदा हुईं और बेरोजगारी दर 4.2 फीसदी पर स्थिर रही।

## मोटोरोला एज 60 और रेजर 60 सीरीज 8 को होगी पेश



नई दिल्ली (ए.)। स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी मोटोरोला आगामी 8 मई को चीन में एक बड़ा लॉन्च इवेंट आयोजित करने जा रही है। इस इवेंट में मोटोरोला एज 60 सीरीज और रेजर 60 सीरीज को पेश किया जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी बाजार में मोटोरोला एज 60 सीरीज के तीन मॉडल - एज 60, एज 60एस और एज 60 प्रो लॉन्च किए जाएंगे। इसमें सबसे खास नाम एज 60ह्य का है, जिसे पहले कभी किसी बाजार में इस नाम से नहीं देखा गया। हालांकि, यह फोन पूरी तरह नया नहीं है। यह एक्सटी2503-3 मॉडल नंबर वाले उस डिवाइस का रीब्रांडेड वर्जन माना जा रहा है, जिसे कुछ समय पहले चीन की सर्टिफिकेशन साइट टेन्ना पर देखा गया था। यह फोन ग्लोबल मार्केट में पहले से मौजूद एज 60 फ्यूजन का नया अवतार होगा। मोटोरोला एज 60एस में 6.7 इंच का कर्व्ड पी-ओलेड डिस्प्ले दिया जाएगा, जो 1.5के रेजॉल्यूशन और 120एचझेड रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करेगा। फोन में मीडियाटेक की डाइमेंसिटी 7400 चिपसेट होगा। पावर बैकअप के लिए इसमें 5500एमएएच की बैटरी दी जाएगी, जो 68वॉट फास्ट वायर्ड और 15वॉट वायरलेस चार्जिंग को सपोर्ट करेगी।

फोन का डिज़ाइन भी काफी प्रीमियम होगा, जिसमें आईपी68/69 रेटिंग वाली वाटर और डस्ट रेसिस्टेंट बॉडी मिलेगी। इसका वजन 190 ग्राम होगा और मोटाई 8.2 मिमी रखी गई है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## ट्रंप विरोधी राष्ट्रवाद

ट्रंप ने अपने जुबानी तीर से कनाडा की संप्रभुता पर जिस तरह निशाने साधे, वही कनाडा के आम चुनाव में निर्णायक मुद्दा साबित हुआ। वरना, ट्रुडो की सरकार इतनी अलोकप्रिय कि लिबरल पार्टी का सत्ता में लौटना नामुमकिन लगने लगा था। ये वाजिब सवाल होगा कि कनाडा के चुनाव नतीजों को अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ जनादेश कैसे कहा जा सकता है। लेकिन हकीकत यही है कि डॉनल्ड ट्रंप ने अपने जुबानी तीर से कनाडा की संप्रभुता पर जिस तरह निशाने साधे, वही कनाडा के आम चुनाव में निर्णायक मुद्दा साबित हुआ। वरना, पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो की सरकार इतनी अलोकप्रिय हो गई थी कि लिबरल पार्टी का सत्ता में लौटना नामुमकिन लगने लगा था। दरअसल, ट्रुडो को नेतृत्व छोड़ना ही इसलिए पड़ा, क्योंकि पार्टी अपने को सियासी संकट में पा रही थी। मगर ट्रंप के ह्वाइट हाउस में प्रवेश के साथ कनाडा की राजनीति ने करवट लेना शुरू किया। पिछले साल के आखिर तक अगले प्रधानमंत्री के रूप में देखे जा रहे कंजरवेटिव पार्टी के नेता पियरे पॉलिवर ने अपनी छवि कनाडा के ट्रंप के रूप बना रखी थी। ट्रंप जैसी नीतियों के जरिए कनाडा के आर्थिक संकट को दूर करने का उनका वादा काम करता दिख रहा था। लेकिन जब असली ट्रंप का आक्रामक रूप दुनिया के सामने आया, जिसकी चपेट में कनाडा भी आ गया, तो वहां के लोगों में विपरीत प्रतिक्रिया होना लाजिमी ही था। पॉलिवर ने नए माहौल में ट्रंप विरोधी तेवर अपनाए, कनाडा की संप्रभुता की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई, लेकिन तब तक माहौल बदल चुका था।अब साफ है कि मतदाताओं ने ट्रंप के हमलों से कनाडा की रक्षा करने के लिहाज से लिबरल पार्टी के नए नेता मार्क कार्नी को अधिक सक्षम माना है। कार्नी ने अमेरिकी बैंक गोल्डमैन शैक्स से करियर शुरू किया और बैंक ऑफ कनाडा तथा बैंक ऑफ इंग्लैंड के गर्वनर रह चुके हैं। नव-उदारवाद और मुक्त व्यापार के पैरोकार हैं। राजनीति में आने के बाद से आर्थिक नीतियों में नैतिक मूल्यों को भी स्थान देने की वकालत उन्होंने की है। बहरहाल, उनके सामने चुनौतियां बेहद गंभीर हैं। एक तो ट्रुडो शासनकाल में पैदा हुई समस्याएं हैं और ऊपर से ट्रंप की नीतियों से पेश आई चुनौतियां हैं। फिलहाल, कनाडा में बना ट्रंप विरोधी राष्ट्रवाद उनकी ताकत बना है, मगर अंततः लोग उनका आकलन समस्याओं के समाधान की कसौटी पर ही करेंगे।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नई दिल्ली में कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर परिसर में मेगा स्वच्छता अभियान श्रमदान के दौरान झाड़ू लगाकर क्षेत्र की सफाई करती हुईं।

# हमले का निर्णायक रूप से जवाब दे सरकार

**अजीत द्विवेदी**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में धर्म पूछ कर नरसंहार की जो घटना हुई है वह एक गंभीर खतरे का संकेत है। इस खतरे के छोटे छोटे संकेत पहले से मिल रहे थे। पिछले कुछ समय से राज्य में लक्षित हमले बढ़े हैं। बाहरी लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। मजदूरों पर हमले हो रहे हैं। इससे पहले आमतौर पर कहा जाता था कि बाहरी लोग या पर्यटक स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान देते हैं इसलिए आतंकवादी उन पर हमला नहीं करते हैं। उनको लगता है कि पर्यटकों पर हमले से स्थानीय लोग नाराज होंगे, जिससे उनका समर्थन घटेगा। स्थानीय लोगों के समर्थन के बगैर आतंकवादियों का टिकना मुश्किल है।

तभी सवाल है कि आतंकवादियों ने पर्यटकों पर हमला नहीं करने के अघोषित नियम को क्यों तोड़ा है? क्या अब उनको स्थानीय लोगों के समर्थन की जरुरत नहीं है या स्थानीय लोग भी छोटे छोटे आर्थिक लाभ की बजाय किसी बड़ी योजना के लिए इस तरह की कार्रवाई को जरूरी समझने लगे हैं और मूक समर्थन दे रहे हैं?

जो हो इसे नए दौर की शुरुआत मान सकते हैं। यह भी मानना चाहिए कि यह अनायास नहीं हुआ है। ऐसा नहीं है कि अचानक एक दिन लश्कर ए तैयबा ने फैसला किया कि स्थानीय लोग चाहे जो सोचें, अब पर्यटकों पर हमला करना है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सपोर्ट करने वाले सिस्टम को नष्ट करना है। यह किसी बड़ी और सोची समझी योजना का हिस्सा है, जिसका इशारा पिछले दिनों पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने किया था।

उन्होंने हिंदू और मुस्लिम के दो अलग अलग राष्ट्र होने की बात कही थी। उसमें उन्होंने दोनों की रहन सहन, खानपान आदि की विभिन्नता के साथ साथ दोनों की महत्वाकांक्षाएं अलग होने की बात भी कही थी। उन्होंने मुस्लिम समाज की अलग महत्वाकांक्षा की बात नए दौर की नई रणनीति के तहत की है।



पाकिस्तान के सेना प्रमुख के इशारे को समझ कर भारत की खुफिया एजेंसियों को अलर्ट हो जाना चाहिए था। अगर खुफिया और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट होतीं तो इस घटना को टाला जा सकता था। यह हैरानी की बात है कि लश्कर ए तैयबा से जुड़े द रसिस्टेंस फ्रंट की ओर से बाहरी लोगों पर लक्षित हमले हो रहे हैं लेकिन यह संगठन बड़ा हमला कर सकता है इसका अंदाजा नहीं लगाया गया। यह भी तथ्य सुरक्षा बलों को पता है कि पहले 90 फीसदी आतंकवादी स्थानीय होते थे, जो पर्यटकों पर हमले नहीं करते थे या लक्षित हमले नहीं करते थे, लेकिन अब ज्यादातर आतंकवादी बाहरी हैं, जिनके लिए स्थानीय लोगों की भावनाएं बहुत मैटर नहीं करती हैं।

ऊपर से पाकिस्तान के सेना प्रमुख की भड़काऊ बातें। इन सब के बावजूद सारी चीजें रूटीन के अंदाज में हो रही थीं। हालांकि यह सवाल उठ रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 19 अप्रैल का कश्मीर दौरा क्यों टला था? उनको जम्मू से श्रीनगर की ट्रेन को हरी झंडी दिखानी थी लेकिन ऐन मौके पर कहा गया कि खराब मौसम की चेतावनी के कारण उनकी यात्रा टाल दी गई है। हालांकि पिछले पांच दिन में बहुत खराब मौसम की कोई सूचना नहीं है। सो, क्या किसी खुफिया सूचना के आधार पर यात्रा टाली गई थी? अगर आतंकवादियों की गतिविधियों को लेकर कोई सूचना थी तो उस हिसाब से सुरक्षा बलों की तैनाती क्यों नहीं की गई थी? पर्यटकों की सुरक्षा के लिए भी अतिरिक्त बंदोबस्त क्यों नहीं किए गए थे?

पहलगाम के जिस इलाके में आतंकवादियों ने हमला किया है वह पर्यटकों की पसंदीद जगह है। बताया जा रहा है कि पिछले चार महीने में करीब 25 लाख लोग पहलगाम पहुंचे, जिसमें से 23 लाख लोग इस घाटी में गए। फिर भी वहां दूर दूर तक सुरक्षा बलों का कोई जवान तैनात नहीं था। आतंकवादी जंगल से निकले और 20 मिनट तक हिंसा का तांडव करते रहे और जंगल में भाग गए। इस दौरान कोई प्रतिरोध नहीं हुआ। एक भी जवाबी फायरिंग नहीं हुई।

सोचें, घाटी में आतंकवादियों के अत्याधुनिक हथियारों से फायरिंग की गूंज कहां तक जा रही होगी फिर भी 20 मिनट तक कोई फोर्स नहीं आई! इसका मतलब है कि दो किलोमीटर के दायरे में कहीं भी सुरक्षा बल के जवान नहीं थे। क्या इसे बड़ी लापरवाही नहीं मानेंगे? क्या खुफिया और सुरक्षा बलों को यह ध्यान नहीं था कि भारत में जब भी कोई हाई प्रोफाइल विजिट होती है तो आतंकवादी उसमें खलल पैदा करने का प्रयास करते हैं।

याद करें कैसे सन 2000 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की भारत यात्रा के समय चिट्टिसिंहपुरा नरसंहार हुआ था, जिसमें आतंकवादियों ने सिखों की हत्या की थी। अब फिर अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस भारत में हैं और आतंकवादियों ने धर्म की पहचान करके नरसंहार कर दिया।

ध्यान रहे जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने और विशेष राज्य का दर्ज समाप्त होने के बाद पूरे देश में कश्मीर को लेकर एक सकारात्मक धारणा बनी। राज्य में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होने और जम्मू कश्मीर के मुख्यधारा में शामिल होने की धारणा भी मजबूत हुई। इस वजह से पर्यटन बढने् लगा था और सरकार के आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल यानी 2024 में दो करोड़ 30 लाख पर्यटक कश्मीर गए थे।

# पहलगाम हमले से वक्फ की लड़ाई से देश का ध्यान भटका

**हरिशंकर व्यास**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम की घटना और उससे पहले पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल असीम मुनीर की भड़काऊ भाषण ऐसे समय में हुआ है, जब भारत में कई किस्म के सांप्रदायिक विवाद चल रहे हैं। एक बड़ा विवाद वक्फ संशोधन कानून का है, जिसे सरकार ने संसद के बजट सत्र में पास किया। तीन और चार अप्रैल को यह विधेयक क्रमशः लोकसभा और राज्यसभा से पास हुआ। छह अप्रैल को राष्टपति ने इसकी मंजूरी दी और केंद्र सरकार ने दो दिन बाद इसे लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी।

इस कानून के खिलाफ दो स्तर पर लड़ाई चल रही है। एक लड़ाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है, जहां 70 से ज्यादा याचिकाएं दायर की गई हैं तो दूसरी लड़ाई सड़क पर चल रही है, जिसका नेतृत्व ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कर रहा है। पहलगाम की घटना ने वक्फ की लड़ाई से देश का ध्यान भटका दिया है।

गौरतलब है कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड यानी एआईएमपीएलबी ने 10 अप्रैल से 87 दिन के विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया था और कहा था कि सात जुलाई तक उसका प्रदर्शन चलेगा। इस दौरान वक्फ कानून के खिलाफ एक करोड़ लोगों के दस्तखत जुटाए जाएंगे और उन्हें प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा। इसके बाद एआईएमपीएलबी की ओर से विरोध प्रदर्शन के दूसरे चरण की घोषणा होनी थी।

एआईएमपीएलबी के साथ साथ जमात ए उलमा ए हिंद की ओर से भी प्रदर्शन हो रहा था और इसके अलावा हर जुमे को नमाज के बाद किसी न किसी रूप में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। परंतु पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों से 'कलमा' पढ़वाने और धर्म पूछ कर हत्या कर देने की घटना के बाद समूचा विरोध प्रदर्शन एक तरह से स्थगित हो गया है। आम लोगों का ध्यान भी इससे हट गया है।

यह ऐसी घटना हुई है, जैसी इससे पहले कश्मीर घाटी में देखने सुनने को नहीं मिली थी। कुछ आतंकवादी बाहरी लोगों की हत्या कर रहे थे लेकिन पर्यटकों को निशाना नहीं बनाया जा रहा था। इसी वजह से सुरक्षा बल भी लापरवाह हो गए थे। पंजाब में आतंकवाद के समय धर्म पूछ कर हत्या करने की अनेक घटनाएं हुई थीं और उसके बाद उसको खत्म करने में समय नहीं लगा। कश्मीर घाटी में ऐसा नहीं होता था। पहली बार ऐसा हुआ कि हिंदुओं को धर्म पूछ कर मारा गया। इस वजह से वक्फ कानून के खिलाफ लड़ रहे संगठन और नेता भी बैकफुट हैं और व्यापक रूप से मुस्लिम आबादी भी हिली हुई है।

उसको लग रहा है कि इससे भारतीय समाज में उनका अलगाव पहले से ज्यादा बढ़ेगा। यही कारण है कि ऑल इंडिया एमआईएम के नेता हों यो एआईएमपीएलबी और जमात के नेता, सब आगे बढ़ कर इस आतंकवादी घटना की निंदा कर रहे हैं।

## गोवा भगदड़ हादसा : भगदड़ से मौतों का जिम्मेवार कौन एक यक्ष प्रश्न ?

**नरेंद्र भारती**

गोवा के शिरगांव में यात्रा के दौरान बिजली का तार गिरने से भगदड़ मचने से 7 लोगों की मौत हो गई और 50 लोग घायल हो गए भगदड़ के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं कुछ माह पहले दिल्ली में भगदड़ मचने से रेलवे स्टेशन शमशानघाट बन गया था दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ में भगदड़ मचने से काफ़ी लोग मारे गए थे अब गोवा में एक बार फिर लाशों के ढेर लग गए चारों तरफ लाशें ही लाशें बिखर गई रेलवे स्टेशन से यह लोग महाकुम्भ जा रहे 18 लोगों की मौत हो गई थी देश में भगदड़ की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं और बेकसूर लोग बेमौत मर रहे हैं 15 फ़रवरी शनिवार देर रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने से 18 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी अभी कुम्भ की घटना की स्याही भी नहीं सुखी थी की दिल्ली में यह हादसा हो गया कुछ दिन पहले संगम स्थल पर हुआ था प्रयागराज में कुम्भ मेले में भगदड़ मचने से दर्जनों लोग मारे गए थे और सेकड़ों घायल हो गए थे रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या में वृद्धि हो सकती है ऐसा हादसा इससे पहले हाथरस में सत्संग में भगदड़ मचने से 120 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी कुछ वर्ष पहले विजयदशमी के दिन रावण दहन के अवसर पर बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में देखने को मिला था जहां बिजली का तार टूटने की अफवाह से भगदड़ मचने के कारण 33 लोगो की दर्दनाक मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे काश प्रशासन ने पिछली घटनाओं से सबक सीखा होता तो यह हादसा न होता। देश में भगदड़ मचने का यह कोई पहला हादसा नहीं है इससे पहले सैंकडों हादसे हो चुके है और हजारों लोग बेमौत मारे जा चुके है मगर यह हादसे कम नहीं हो रहे हैं। इन घटनाओं को हादसा नहीं हत्याऐं कहना गलत नहीं होगा। इस रावण दहन के अवसर पर गांधी मैदान में पांच लाख लोग आए थे लेकिन प्रशासन ने केवल एक ही द्वार खोल रखा था।




मेष राशि- आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के टेक्सटाइल व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा होने के योग है। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा। कुछ लोग आपके बारे में अफवाहें फैलाने के लिए तैयार बैठे हैं ऐसा कोई मौका ही न दें। स्वास्थ्य फिट रखने के लिए डेली रूटीन में मेडिटेशन व योगा अपनाएंगे।

वृष राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। धन लाभ के नए सोर्स नजर आ सकते हैं। आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जिससे आपको भविष्य में बड़े फायदे होंगे। दिनभर के कामों से आलस्य महसूस होगा लेकिन आप मेहनत से पीछे नहीं हटेंगे।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जाएगा। इस राशि के इंजीनियर्स अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे। किसी जरूरी काम में जीवनसाथी की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा।

कर्क राशि- आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। रुका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे तो फायदा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ डिनर का प्रोग्राम बन सकता है। इस राशि के कंप्यूटर स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। आप जितनी मेहनत करेंगे। आपको उतने ही बढ़िया नतीजे मिलेंगे।

सिंह राशि- आज आपका दिन आपके लिए बहुत ही खास होने वाला है। इस राशि के लोगों को अपनी कड़ी मेहनत का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा। जिससे कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। सभी कामों में मन लगेगा। किसी योजना को शुरू करने के लिए आज का दिन आपके लिए अच्छा है। भविष्य में आपको काफी लाभ मिलेगा। घर में बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद आपको मिलेगा। स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई में बिजी रहेंगे। आप साहित्यिक बुक पढ़ सकते हैं।

कन्या राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आप परिवारवालों के साथ समय बिताएंगे। घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। इस राशि के एग्रोकेमिकल व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। एसी संबंधित काम करने वालों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। पुराना रुका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा।

तुला राशि- आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किए गए कामों की तारीफ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती हैं, दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। परिवार में स्थिति ठीक रहेगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। पिता बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है। बिजनेस के सिलसिले में ऑफिस के कलीग्स के साथ बाहर जा सकते हैं।

धनु राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही बिजनेस करने की सोच रही है नके लिए आज का दिन अच्छा है। सिंगर्स का गाना लोगों को काफी पसंद आएगा। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें। अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय ईश्वर की आराधना के लिए निकालें मन शांत रहेगा। किसी दोस्त से काम के मामले में आपको कुछ नए आइडिया मिल सकते हैं।

मकर राशि- आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। लंबे समय से सोचा हुआ काम आज पूरा हो जाएगा, जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगाने से शांति मिलेगी शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दांपत्य जीवन में आपसी ताल मेल बना रहेगा। अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा आपको मिलेगी।


कुंभ राशि- आज आपका दिन आपके फेवर में रहने वाला है। आज आप नया वाहन लेने का मन बनायेंगे। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनेगी। आज आपको कार्यों में किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। घर के बड़े आपके काम से प्रभावित होंगे। आज आपके माता पिता आपको किसी काम के लिए कह सकते है।

मीन राशि-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। संयम बनाकर काम करने से आपके रुके काम भी बनेंगे। इस राशि के इंजीनीयर्स के लिए आज का दिन खास है, बहुत कुछ सीखने को मिल सकता है। प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद है। आज आप बिजनेस मीटिंग ज्वॉइन कर सकते हैं।

# रवींद्रनाथ टैगोर शांति के लिए हमेशा याद किए जाएंगे

**संजय गोस्वामी**

रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई, 1861 को कोलकाता, भारत में हुआ था रवींद्रनाथ ठाकुर (7मई 1861 - 7 अगस्त 1941) एक बंगाली बहुश्रुत थे, जिन्होंने बंगाल पुनर्जागरण के कवि, लेखक, नाटककार, संगीतकार, दार्शनिक, समाज सुधारक और चित्रकार के रूप में काम किया। उन्होंने 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरुआत में प्रासंगिक आधुनिकता के साथ बंगाली साहित्य और संगीत के साथ-साथ भारतीय कला को भी नया रूप दिया। वे गीतांजलि की गहन संवेदनशील, ताज़ा और सुंदर कविता के लेखक थे। 1913 में, टैगोर किसी भी श्रेणी में नोबेल पुरस्कार जीतने वाले पहले गैर-यूरोपीय व्यक्ति बने, और साहित्य में नोबेल पुरस्कार जीतने वाले पहले गीतकार भी। टैगोर के काव्य गीतों को आध्यात्मिक और मधुर माना जाता था; जहाँ उनका सुंदर गद्य और जादुई कविता भारतीय उपमहाद्वीप में व्यापक रूप से लोकप्रिय थी। [9] वे रॉयल एशियाटिक सोसाइटी के फेलो थे। उन्हें बंगाल का कवि कहा जाता था, टैगोर को गुरुदेव, कोबीगुरु और बिस्वकोबी जैसे उपनामों से जाना जाता था।कलकत्ता के एक बंगाली ब्राह्मण, जिनकी पैतृक जड़ें बर्दवान जिले जेसोर में थीं, टैगोर ने आठ साल की उम्र में कविताएँ लिखीं। सोलह साल की उम्र में, उन्होंने छद्म नाम भानुसिंह (सूर्य सिंह) के तहत अपनी पहली महत्वपूर्ण कविताएँ जारी कीं, जिन्हें साहित्यिक अधिकारियों ने लंबे समय से खोई हुई क्लासिक्स के रूप में जब्त कर लिया। तक उन्होंने अपनी पहली लघु कथाएँ और नाटक लिखे, जो उनके वास्तविक नाम से प्रकाशित हुए। एक मानवतावादी, सार्वभौमिकवादी, अंतर्राष्ट्रीयवादी और राष्ट्रवाद के प्रबल आलोचक के रूप में, उन्होंने ब्रिटिश राज की निंदा की और ब्रिटेन से स्वतंत्रता की वकालत की। बंगाल पुनर्जागरण के एक प्रतिपादक के रूप में, उन्होंने एक विशाल कैनन को आगे बढ़ाया जिसमें पेंटिंग, रेखाचित्र और डूडल, सैकड़ों ग्रंथ और लगभग दो हज़ार गीत शामिल थे; उनकी विरासत विश्वभारती विश्वविद्यालय की स्थापना में भी कायम है।टैगोर ने कठोर शास्त्रीय रूपों को त्यागकर और भाषाई प्रतिबंधों का विरोध करके बंगाली कला का आधुनिकीकरण किया। उनके उपन्यास, कहानियाँ, गीत, नृत्य नाटक और निबंध राजनीतिक और व्यक्तिगत विषयों पर बात करते थे।



गीतांजलि (गीत अर्पण), गोरा (निष्पक्ष) और घरे-बैरे (घर और दुनिया) उनकी सबसे प्रसिद्ध रचनाएँ हैं, और उनकी कविता, लघु कथाएँ और उपन्यास उनकी गीतात्मकता, बोलचाल, प्रकृतिवाद और अप्राकृतिक चिंतन के लिए प्रशंसित या आलोचना किए गए थे। उनकी रचनाओं को दो देशों ने राष्ट्रगान के रूप में चुना भारत का जन गण मन और बांग्लादेश का आमार सोनार बांग्ला। श्रीलंका का राष्ट्रगान भी उनके काम से प्रेरित था। उनके गीत बांग्लार माटी बांग्लार जोल को पश्चिम बंगाल के राज्य गान के रूप में अपनाया गया है।

टैगोर नाम ठाकुर का अंग्रेजीकृत लिप्यंतरण है। टैगोर का मूल उपनाम कुशारी था। वे पिराली ब्राह्मण थे (पिराली ऐतिहासिक रूप से एक कलंकित और अपमानजनक अर्थ रखता था) जो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के बर्दवान जिले के कुश नामक गाँव के निवासी थे। रवींद्रनाथ टैगोर के जीवनी लेखक प्रभात कुमार मुखोपाध्याय ने अपनी पुस्तक रवींद्रजीबानी ओ रवींद्र साहित्य प्रभारी के पहले खंड में लिखा है कि टैगोर कुशारी, भट्ट नारायण के पुत्र दीन कुशारी के वंशज थे; महाराजा क्षितिसुरा ने दीन को कुश (बर्दवान जिले में) नामक एक गाँव दिया था, वे इसके प्रमुख बन गए और कुशारी के नाम से जाने गए।टैगोर का पालन-पोषण ज्यादातर नौकरों ने किया; उनकी माँ की मृत्यु उनके बचपन में ही हो गई थी, और उनके पिता ने व्यापक यात्राएँ कीं। टैगोर परिवार बंगाल पुनर्जागरण में सबसे आगे था। उन्होंने साहित्यिक पत्रिकाओं के प्रकाशन की मेजबानी की; वहाँ नियमित रूप से बंगाली और पश्चिमी शास्त्रीय संगीत के रंगमंच और गायन कार्यक्रम होते थे। टैगोर के पिता ने कई पेशेवर ध्रुपद संगीतकारों को घर में रहने और भारतीय शास्त्रीय संगीत सिखाने के लिए आमंत्रित किया। गोर ने बड़े पैमाने पर कक्षा की स्कूली शिक्षा से परहेज किया और मनोर या पास के बोलपुर और पानीहाटी में घूमना पसंद किया, जहां परिवार जाता था। उनके भाई हेमेंद्रनाथ ने उन्हें पढ़ाया और शारीरिक रूप से तैयार किया उन्होंने चित्रकारी, शरीर रचना विज्ञान, भूगोल और इतिहास, साहित्य, गणित, संस्कृत और अंग्रेजी सीखी - जो उनके सबसे कम पसंदीदा विषय थे। टैगोर को औपचारिक शिक्षा से नफरत थी - स्थानीय प्रेसीडेंसी कॉलेज में उनकी विद्वतापूर्ण मेहनत एक ही दिन तक चली। वर्षों बाद, उन्होंने माना कि उचित शिक्षण चीजों को समझा नहीं सकता; उचित शिक्षण जिज्ञासा को बढ़ाता है।12 वर्ष की आयु में अपने उपनयन (वयस्कता संस्कार) के बाद, टैगोर और उनके पिता कई महीनों के लिए भारत का दौरा करने के लिए फरवरी 1873 में कलकत्ता से चले गए, अपने पिता की शांतिनिकेतन एस्टेट और अमृतसर का दौरा करने से पहले हिमालय के हिल स्टेशन डलहौजी पहुंचे। वहाँ टैगोर ने आत्मकथाएँ पढ़ीं, इतिहास, खगोल विज्ञान, आधुनिक विज्ञान और संस्कृत का अध्ययन किया और कालिदास की शास्त्रीय कविता की जाँच की। वे अपनी पुस्तक माई रिमिनिसेंस (1912) में लिखते हैं अमृतसर का स्वर्ण मंदिर मेरे सामने एक स्वप्न की तरह आता है। कई सुबह मैं अपने पिता के साथ झील के बीच में सिखों के इस गुरुदरबार में गया हूँ। वहाँ पवित्र मंत्रोच्चार लगातार गूंजता रहता है। मेरे पिता, भक्तों की भीड़ के बीच बैठे हुए, कभी-कभी स्तुति के भजन में अपनी आवाज़ मिलाते थे, और किसी अजनबी को अपनी भक्ति में शामिल पाते थे, वे उत्साहपूर्वक सौहार्दपूर्ण होते थे, और हम चीनी के क्रिस्टल और अन्य मिठाइयों के पवित्र प्रसाद से लदे हुए लौटते थे।उन्होंने सिख धर्म से संबंधित 6 कविताएँ लिखीं और सिख धर्म के बारे में बंगाली बच्चों की पत्रिका में कई लेख लिखे। रवींद्रनाथ टैगोर को 1913 में उनके कविता संग्रह गीतांजलि (गीत प्रस्ताव) के लिए साहित्य में नोबेल पुरस्कार मिला। इससे वे साहित्य में नोबेल पुरस्कार पाने वाले पहले गैर-यूरोपीय और पहले भारतीय बन गए। रवींद्रनाथ टैगोर की मृत्यु 7 अगस्त, 1941 को हुई थी। रवींद्रनाथ टैगोर बंगाली कवि, लघु-कथा लेखक, संगीतकार, नाटककार, उपन्यासकार, के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश में सात जिलों के एसपी समेत 14 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में कई पुलिस अधिकारियों के तबादले किए गए। 14 आईपीएस अफसरों का ट्रांसफर किया गया। मोहित गुप्ता पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी से सचिव गृह उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ बनाए गए हैं। इस तबादला सूची में महाकुंभ मेले के डीआईजी रहे वैभव कृष्ण का नाम भी शामिल है। वाराणसी जोन के आईजी मोहित गुप्ता को लखनऊ का गृह सचिव बनाया गया। वहीं, राज करण नैयर गोरखपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नियुक्त किए गए। पिछले कुछ दिनों से उत्तर प्रदेश में अधिकारियों के ट्रांसफर किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर 14 आईपीएस अधिकारियों को इधर-उधर किया। साथ ही 7 जिलों के कप्तान भी बदल दिए। वैभव कृष्ण जिन्हें उपमहानिरीक्षक महाकुंभ मेला प्रयागराज की जिम्मेदारी सौंप गई थी, अब पुलिस उपमहानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र बनाए गए हैं। एसएसपी राज करण नैयर अयोध्या से गोरखपुर भेजे गए और गोरखपुर के एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर को अयोध्या की जिम्मेदारी मिली। सेनानायक 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ अनूप कुमार सिंह फतेहपुर के एसपी बनाए गए। कौशांबी के एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव इटावा के एसएसपी नियुक्त किए गए, जबकि उनके स्थान पर पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद राजेश कुमार द्वितीय को कौशांबी भेजा गया है। फतेहपुर के एसपी धवल जायसवाल को पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की कमान मिली। गौरतलब है कि अप्रैल 2025 में भी प्रशासन और पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल हुआ था। उस समय 16 आईएएस अधिकारियों और 11 आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया गया था। इसी क्रम में अयोध्या के जिलाधिकारी भी बदले गए थे और निखिल टीकाराम फूंडे को अयोध्या का नया डीएम बनाया गया था। इसी साल मार्च के महीने में सात आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया था। इस दौरान आईपीएस बबलू कुमार को जॉइंट पुलिस कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) लखनऊ नियुक्त किया गया था।

### दर्दनाक हादसा : कार-बाइक की टक्कर से चार दोस्तों समेत 6 की गई जान, परिवारों में छाया मातम

शाहजहांपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में सोमवार देर रात एक भयावह सड़क हादसे ने 6 परिवारों की खुशियां छीन लीं। मदनापुर थाना क्षेत्र के काबिलपुर गांव के पास बाइक और इको कार की आमने-सामने की भीषण टक्कर में चार दोस्तों समेत छह लोगों की मौके पर ही जान चली गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक में आग लग गई और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।घटना काबिलपुर गांव के पास एक पेट्रोल पंप के निकट हुई, जहां बरेली की ओर जा रही बाइक और मदनापुर की तरफ से आ रही इको कार की सीधी टक्कर हो गई। बाइक में आग लग गई, और सभी सवार छिटककर दूर जा गिरे। राहगीरों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को सीएचसी और फिर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चार को मृत घोषित कर दिया। एसपी राजेश द्विवेदी ने मंगलवार सुबह घटनास्थल का निरीक्षण किया और हादसे की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि विधिक कार्रवाई जारी है, और सड़क सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतने की जरूरत है। पोस्टमार्टम हाउस में माहौल गमगीन था। परिजनों की चीख-पुकार से माहौल भावुक हो उठा। चारों युवक आपस में गहरे दोस्त थे, और एक ही मोहल्ले के रहने वाले थे।

### भोलेनाथ के भक्तों के लिए जरूरी खबर : केदारनाथ यात्रा में घोड़े-खच्चरों के संचालन पर रोक, ये है वजह

रुद्रप्रयाग (आरएनएस)। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर चल रहे घोड़े-खच्चरों में एक्वाइन इन्फ्लूएंजा वायरस के लक्षण सामने आने के बाद पशुपालन विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। सचिव पशुपालन डॉ. पुरुषोत्तम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर अगले 24 घंटे तक सभी घोड़े-खच्चरों के संचालन पर पूर्ण रोक लगाने के आदेश दिए हैं।रविवार को 8 और सोमवार को 6 घोड़े-खच्चरों की अचानक मौत के बाद यह फैसला लिया गया है। इन मौतों की असली वजह जानने के लिए भारत सरकार से विशेषज्ञों की टीम रुद्रप्रयाग पहुंच रही है। वहीं, संक्रमित या संदिग्ध घोड़ों को क्वारंटाइन किया जा रहा है और राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान संस्थान, हिसार को जांच के लिए सैंपल भेजे गए हैं।सचिव ने बताया कि 4 से 30 अप्रैल के बीच विभाग ने 16,000 से अधिक घोड़े-खच्चरों की स्क्रीनिंग की थी और केवल नेगेटिव रिपोर्ट वाले पशुओं को ही यात्रा में शामिल किया गया था। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत ने कहा कि जांच रिपोर्ट आने तक प्रतिबंध जारी रहेगा। साथ ही यह स्पष्ट किया कि यदि किसी ने बीमार पशु से कार्य करवाया तो संबंधित पशु मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बड़ा हादसाः बारातियों से भरी स्कॉर्पियो कार और ट्रैक्टर में भीषण टक्कर, आठ लोगों की मौत

कटिहार (आरएनएस)। बिहार में देर रात स्कॉर्पियो और ट्रैक्टर की टक्कर में आठ बारातियों की मौत हो गई। यह दुर्घटना कुर्सेला थानाक्षेत्र के एस एच 77 दियारा चांदपुर टिकापट्टी बजरंगबली मंदिर के पास हुई। इस दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को समेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर ने आठ लोगों को मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना के बाद जिस घर में खुशी का माहौल था, वह मातम में बदल गया। जानकारी के मुताबिक, करीब एक बजे सड़क पर मक्के से लदी ट्रैक्टर को स्कॉर्पियो ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें आठ लोगों की जान चली गई है। वहीं, दो लोग घायल बताए जा रहे हैं। मोटरसाइकिल से पीछे से आ रहे बाराती ने बताया कि यह बारात पुर्णिया के बरहरा कोठी डिबरा बाजार से कुर्सेला के समीप कोसकीपुर गांव जा रही थी। दियारा चांदपुर पुल के समीप सड़क पर रखे मक्का के ढेर पर स्कॉर्पियो का चक्का चढ़ जाने के कारण वह अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़ी मक्के से भरे ट्रैक्टर से टकरा गई। इसके बाद वाहन के परखच्चे उड़ गए। बारात जा रहे परिजन ने बताया कि स्कॉर्पियो में सवार सभी लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय पुलिस ने समेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डाक्टर ने आठ को मृत घोषित कर दिया। घायलों में दो की हालत गंभीर है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजन ने बताया कि जिस घर में खुशी का माहौल था, वह इस घटना के होने के बाद मातम में बदल गया है। जिस गाड़ी का एक्सीडेंट हुआ है, उसमें सभी सगे संबंधी और रिश्तेदार थे। पीड़ित परिजनों का कहना है कि सड़क पर लोगों द्वारा मक्का सुखाने व मक्का लोड करने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होने की बात सामने आती है। उनका आरोप है कि प्रशासनिक स्तर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण नेशनल हाईवे व स्टेट हाईवे पर आधी सड़कों पर मक्का सुखाने के लिए पसार दिया जाता है, जिसका खामियाजा सड़क पर यात्रा करने वाले यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।

# चिनाब का पानी रोकने से सूखने लगा पाकिस्तान का गला

## चेनाब नदी का जलस्तर एक महीने में सबसे कम स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली (ए.)। पाकिस्तान में चेनाब नदी का जलस्तर एक महीने में सबसे कम स्तर पर पहुंच गया है, क्योंकि भारत ने दो बांधों के जलद्वार बंद कर दिए हैं। अगले कुछ दिनों तक जलभराव जारी रहने की उम्मीद है। लगभग 78 किलोमीटर की दूरी पर स्थित दो रन-ऑफ-द-रिवर पनबिजली परियोजनाओं, सलाल और बगलिहार बांधों के द्वार रविवार को बंद कर दिए गए, क्योंकि हर साल गाद और कीचड़ की निकासी की जाती है, जिससे पड़ोसी देश में कुछ दिनों के लिए नदियां उफान पर आ जाती हैं। बांधों से गाद निकालना और उन्हें फिर से भरना एक वार्षिक परिचालन अभ्यास है जो आमतौर पर अगस्त में मानसून के दौरान किया जाता है। हालाँकि, इस साल पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा सिंधु जल संधि (IWT) को निलंबित करने के निर्णय के बाद इसे आगे बढ़ा दिया गया है।



अपने डिजाइन के अनुसार, सलाल और बगलिहार बांध बड़ी मात्रा में पानी जमा नहीं कर सकते हैं - सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) द्वारा लगाई गई एक बाधा। पाकिस्तान के सिंधु नदी प्रणाली प्राधिकरण (आईआरएसए) के डेटा से पता चलता है कि पानी के प्रवाह में भारी गिरावट आई है, जो 23 अप्रैल को 29,675 क्यूसेक से घटकर 5 मई तक 11,423 क्यूसेक रह गया - यानी 61 प्रतिशत की गिरावट। प्रवाह का मतलब किसी भी समय बांध के जलाशय में प्रवेश करने वाले पानी की मात्रा से है। इसी तरह, जल बहिर्वाह डेटा में भी 83 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई है - 5 मई तक 21,675 क्यूसेक से घटकर सिर्फ़ 3,761 क्यूसेक रह गया। बहिर्वाह से तात्पर्य बांध के जलाशय से उसके स्पिलवे के ज़रिए छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा से है। जब नदी का प्रवाह मध्यम होता है, तो सलाल और बगलिहार बांधों के जलाशय लगभग 4 दिनों तक पानी रोक सकते हैं, और जब पानी का प्रवाह कम होता है, तो 16 दिनों तक पानी रोक सकते हैं। सिंधु जल संधि ने पाकिस्तान को चेनाब, झेलम और सिंधु के पानी पर विशेष अधिकार दिए हैं। भारत इसके पानी का इस्तेमाल केवल बिजली उत्पादन और सिंचाई के लिए कर सकता है, ताकि नीचे की ओर का प्रवाह प्रभावित न हो। रविवार सुबह से, चेनाब में पानी का प्रवाह पाकिस्तान में जाने वाले सामान्य पानी की मात्रा का लगभग 90 प्रतिशत कम हो गया है, देश के सिंधु नदी प्रणाली प्राधिकरण के प्रवक्ता मुहम्मद खालिद इदरीस राणा ने ब्लूमबर्ग को बताया।



केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री (डोनर) ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया और ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने संयुक्त रूप से नई दिल्ली में 22वें भारत दूरसंचार 2025 का उद्घाटन किया।

### सतलुज-यमुना लिंक नहर विवाद का समाधान मिलजुलकर निकालें पंजाब-हरियाणा सरकार : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को हरियाणा और पंजाब के बीच एसवाईएल (सतलुज-यमुना लिंक कैनाल) नहर विवाद को लेकर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से कहा कि दोनों राज्य सौहार्दपूर्ण समाधान तक पहुंचने के लिए केंद्र का सहयोग करें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर समाधान नहीं निकला तो पीठ इस मामले पर 13 अगस्त को सुनवाई करेगी। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से एएसजी ने कहा कि जल शक्ति मंत्री ने बैठक की और जल बंटवारे पर विचार करने के लिए समिति गठित की गई है।

## जम्मू-कश्मीर के निर्दोष लोग प्रभावित न हों

### आतंकवादियों के खिलाफ एक्शन के बीच उमर अब्दुल्ला का बयान

श्रीनगर (ए.)। पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और पाकिस्तान की ओर से नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर कई दिनों से बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी हो रही है। इस बीच, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को इस बात पर चिंता जताई कि नए सुरक्षा उपायों के कारण निर्दोष स्थानीय लोग प्रभावित न हों। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है कि इससे जम्मू-कश्मीर के निर्दोष लोग प्रभावित न हों। जम्मू-कश्मीर के सीएम ने पत्रकारों से कहा, हम सभी यहां की स्थिति को समझते हैं, हम इसे अनदेखा नहीं कर सकते या इसके अस्तित्व को नकार नहीं सकते, लेकिन हमें इस पर गौर करना चाहिए ताकि पहलगाम हमले में शामिल लोगों को पकड़ने के हमारे प्रयासों में जम्मू-कश्मीर के निर्दोष लोगों को प्रभावित न किया जाए।



कांग्रेस महासचिव और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला नई दिल्ली में संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में पंडित मोतीलाल नेहरू की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

## सीएम भजनलाल शर्मा ने किए मां नर्मदा के दर्शन, 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' स्थल पर सरदार वल्लभभाई पटेल को दी श्रद्धांजलि

जयपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने गुजरात प्रवास के पहले दिन सोमवार को केवड़िया में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा के साथ पावन नर्मदा नदी के तट पर स्थित मां नर्मदा के दैवीय स्वरूप के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। शर्मा ने इस दौरान मां नर्मदा से प्रदेशवासियों का जीवन सुख-समृद्धि और खुशहाली से परिपूर्ण होने की कामना की।इसके पश्चात शर्मा एवं नड्डा ने नर्मदा नदी के किनारे स्थित विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' स्थल पहुंचकर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। शर्मा ने कहा कि स्व. पटेल की यह भव्य प्रतिमा भारत के एकीकरण के महानायक के अतुलनीय साहस, दूरदर्शिता एवं राष्ट्रप्रेम का जीवंत



प्रतीक है। इस दौरान केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव एवं सांसद मदन राठौड़ भी मौजूद रहे।

### बीपीएससी टीआरई-3 अभ्यर्थियों पर पटना में लाठीचार्ज, सप्लीमेंट्री रिजल्ट की मांग तेज

पटना ,(आरएनएस)। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) टीआरई-3 के अभ्यर्थियों ने पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास के बाहर सप्लीमेंट्री रिजल्ट की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने छात्रों को वहां से हटने की चेतावनी दी, लेकिन बीपीएससी अभ्यर्थी सीएम आवास के बाहर से हटने के लिए तैयार नहीं थे। जिसके बाद छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया गया। पुलिस की ओर से किए गए लाठीचार्ज में कई अभ्यर्थी घायल हो गए। पुलिस का दावा है कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन अभ्यर्थियों का कहना है कि कई छात्रों को चोट आई है। बीपीएससी टीआरई-3 के अभ्यर्थी पिछले चार महीनों से खाली शिक्षक पदों के लिए सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने की मांग कर रहे हैं। उनका दावा है कि उनके अंक कट-ऑफ के बराबर हैं, फिर भी उन्हें नियुक्ति नहीं मिली, जबकि समान अंक वाले अन्य अभ्यर्थियों को शिक्षक पद मिल चुका है। सीवान से आई अभ्यर्थी दीपा सिंह ने गुस्से में कहा, नीतीश सरकार के राज में हमें लाठी मिली है। हम कह रहे हैं, या तो रिजल्ट दे दो या यहीं फांसी दे दो। चार महीने से प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं। हम खाली सीटों के लिए पूरक परिणाम चाहते हैं।

## सुकमा में नक्सलियों की बौखलाहट देखने को मिली

सुकमा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों की बौखलाहट देखने को मिली है. नक्सलियों ने तारलागुड़ा के उपसरपंच मुचाकी मूचाकी रामा की गला घोंटकर हत्या कर दी. इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है.जानकारी के अनुसार, बिना वर्दी के पहुंचे माओवादियों ने उपसरपंच मूचाकी रामा को घर से उठाया और जंगल ले जाकर रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी. यह घटना सोमवार दोपहर लगभग 3:00 बजे की है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को सुरक्षित निकाला. शव को वैधानिक कार्यवाही के लिए भेजा गया है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. नक्सलियों द्वारा उप सरपंच की हत्या को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने इस घटना को नक्सलियों की कायराना करतूत करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की. शर्मा ने कहा कि नक्सली लगातार कायराना हरकतों की ओर बढ़ रहे हैं, जो आम जनता और नक्सलियों के बीच जारी द्वंद का हिस्सा है।

उन्होंने विश्वास जताया कि यह द्वंद जल्द ही समाप्त होगा और स्थिति सामान्य होगी।

## आतिशी ने मांगा प्रवेश वर्मा का इस्तीफा, बोलीं- दिल्ली का पानी नहीं रोक सकता पंजाब

नई दिल्ली (ए)। दिल्ली में पानी को लेकर सियासत तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी और सत्तारूढ़ भाजपा में वार-पलटवार का दौर देखने को मिल रहा है। आज भाजपा ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा का आरोप था कि अरविंद केजरीवाल का निर्देश पर पंजाब दिल्ली को पानी नहीं दे रहा है। अब इसी को लेकर नेता प्रतिपक्ष और आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने भाजपा पर पलटवार किया है। इतना ही नहीं, उन्होंने जल मंत्री प्रवेश वर्मा का इस्तीफा भी मांग लिया है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा को इस्तीफ़ा देना चाहिए क्योंकि उन्हें इतना भी नहीं पता कि दिल्ली का पानी सिर्फ़ 2 नदियों से आता है - यमुना और गंगा - और दोनों ही पंजाब से नहीं आती। इसलिए पंजाब दिल्ली का पानी रोक ही नहीं सकता। उन्होंने आगे कहा कि 'ऊपरी गंगा नहर' से गंगा का और 'मुनक नहर' से यमुना का पूरा पानी दिल्ली को मिल रहा है। पानी कम नहीं आ रहा।

### पहलगाम हमले का असर : वुलर झील का पर्यटन ठप, संकट में शिकारा मालिक

श्रीनगर (आरएनएस)। कश्मीर के सोपोर में स्थित एशिया की दूसरी सबसे बड़ी मीठे पानी की झील वुलर झील हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के बाद पर्यटन के लिहाज से सूनी पड़ी है। 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले ने कश्मीर घाटी के पर्यटन उद्योग को गहरा झटका दिया है। वुलर झील के किनारे शिकारा मालिक और पर्यटन पर निर्भर परिवार अब आजीविका के लिए संघर्ष कर रहे हैं, क्योंकि पर्यटकों की आवाजाही लगभग ठप हो चुकी है।आजीविका के लिए पर्यटकों पर निर्भर रहने वाले शिकारा मालिक हसन ने कहा, हम पूरे दिन इंतजार करते हैं, लेकिन कोई नहीं आता। कश्मीर अपने आतिथ्य के लिए जाना जाता है। हम शांति और पर्यटन की बहाली की मांग करते हैं। पहलगाम हमले की हम कड़ी निंदा करते हैं, यह मानवता पर हमला है। वहीं स्थानीय निवासी मंजूर अहमद, जो पहले प्रतिदिन 1500 रुपये तक कमा लेते थे, अब मुश्किल से 100 रुपये कमा पा रहे हैं।

## नारी वंदना का ढोंग रचने वाली भाजपाइयों की सोच महिला विरोधी : अखिलेश यादव

लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महिलाओं को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले ही भाजपा के पूर्व रूप का 'चाल, चरित्र और चेहरा' ऐसा नहीं था कि वह सामने आकर मुंह दिखा सके, क्योंकि वे ऐसे काम, वारदात और साजिश-षड्यंत्र करते थे, जो देशभक्ति, नैतिकता और सामाजिकता के पैमाने पर नकारात्मक और अपराधात्मक माने जाते थे। इसलिए इनकी गतिविधियां हमेशा भूमिगत रहकर मुखबिरी के रूप में ही दबे-छिपे चलती रहीं।सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक



लंबी पोस्ट में लिखा, भाजपा ने कई बार रूप बदला, जिससे ये पहचाने न जा सकें। यही परंपरा आज भी जारी है। जब इनके समर्थक पीठ पीछे से कई अनाम नाम रखकर अपनी भूमिगत नकारात्मक भूमिका निभाते हैं और उनका विरोध करते हैं, जो इनकी सत्ता के लिए खतरा हैं। उन्होंने कहा कि मूल रूप से भाजपाई और उनके संगी-साथी, वे लोग रहे हैं, जो सत्ता पर परंपरागत रूप से अपनों को काबिज करवाए रखना चाहते थे। इसलिए राजनीति और अर्थव्यवस्था पर जिन लोगों का सदियों से वर्चस्व रहा है, उन लोगों ने परदे के पीछे से भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों का हमेशा से 'बल-धन' और 'धन-बल' से साथ दिया। भाजपाइयों ने कभी नहीं चाहा कि कोई और वर्ग या तबका राजनीतिक और आर्थिक रूप से शक्तिशाली हो। इसके साथ ही भाजपाइयों ने कभी ये भी नहीं चाहा कि जनता के अधिकार की बात हो। इसलिए ये जनता को शक्ति देने वाले संविधान के भी विरोधी रहे।



केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह नई दिल्ली में राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में गगनयान कार्यक्रम पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान।

## मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, जाति जनगणना पर दिए कुछ सुझाव

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को जाति जनगणना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र के जरिए पीएम मोदी को कुछ सुझाव भी दिए हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने एक्स अकाउंट पर पत्र शेयर करते हुए लिखा, जाति जनगणना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मेरा पत्र। मैंने 16 अप्रैल, 2023 को आपको पत्र लिखकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की जाति जनगणना की मांग को आगे बढ़ाया था। अफसोस की बात है कि मुझे इस पत्र का कोई जवाब नहीं मिला। दुर्भाग्य से, आपकी पार्टी के नेताओं और आपने इस वैध मांग को उठाने के लिए कांग्रेस और उसके नेतृत्व पर हमला किया, जिसे आप आज स्वीकार करते हैं कि यह गहरे सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण के हित में है। आपने अब घोषणा की है कि अगली जनगणना (जो 2021 में होनी थी) में जाति को एक अलग श्रेणी के रूप में शामिल किया जाएगा, लेकिन



इसके विवरण नहीं दिए। मेरे पास आपके विचार के लिए तीन सुझाव हैं। उन्होंने आगे बताया, जनगणना प्रश्नावली का डिजाइन महत्वपूर्ण है। गृह मंत्रालय को तेलंगाना मॉडल से प्रेरणा लेनी चाहिए, प्रश्नावली को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया और पूछे गए सवालों के सेट दोनों के लिए। जाति जनगणना के परिणाम जो भी हों, यह स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण की मनमानी सीमा को संविधान संशोधन के माध्यम से हटाया जाना चाहिए।

## अभिनेत्री मोनालिसा एक बार फिर सोशल मीडिया पर छाई

मुंबई (ए.)। एक बार फिर सोशल मीडिया पर भोजपुरी सिनेमा की अभिनेत्री मोनालिसा छा गई हैं। इस बार उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक नया वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह मशहूर गाने काला चश्मा पर थिरकती नजर आ रही हैं। वीडियो की शुरुआत में मोनालिसा मेकअप करती दिखती



हैं और फिर कैमरे की ओर देखते हुए पिंक प्रिंटेड कुर्ती में जबरदस्त डांस करती हैं। खुले बालों और बेहतरीन एक्सप्रेशंस के साथ उनका यह वीडियो देखते ही देखते वायरल हो गया है। फैंस कमेंट सेक्शन में उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। इससे पहले भी वह शेफाली जरीवाला के हिट गाने कांटा लगा पर डांस कर चुकी हैं, जो लोगों को काफी पसंद आया था। वर्कफ्रंट की बात करें तो मोनालिसा इन दिनों टीवी शो 'श्मशान चंपा' में नजर आ रही हैं, जिसमें वह मोहिनी नाम की एक सुपरनैचुरल किरदार निभा रही हैं। यह शो शेमारू उमंग पर प्रसारित होता है और इसमें मोनालिसा को उनके पुराने, पसंदीदा 'डायन' अवतार में देखा जा रहा है। इस किरदार ने एक बार फिर दर्शकों को उनका दीवाना बना दिया है। मोनालिसा का असली नाम अंतरा बिस्वास है। उन्होंने भोजपुरी इंडस्ट्री के साथ-साथ हिंदी टेलीविजन और बॉलीवुड में भी अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। टीवी शो नजर में डायन के किरदार से उन्हें जबरदस्त पहचान मिली थी। इसके अलावा वह नमक इश्क का, बेकाबू, लाल बनारसी और आखिरी दास्तान जैसे धारावाहिकों में भी नजर आ चुकी हैं। सिर्फ टीवी और फिल्मों तक ही नहीं, मोनालिसा ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 10' में भी हिस्सा लिया था, जहां उनकी पर्सनैलिटी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इसके अलावा वह 'बंटी और बबली', 'ब्लैकमेल', 'मनी है तो हनी है' जैसी बॉलीवुड फिल्मों में भी दिखाई दी हैं। बता दें कि मोनालिसा अपने लाजवाब अभिनय के साथ-साथ वह अपनी स्टाइल और डांस वीडियोज़ को लेकर भी चर्चा में बनी रहती हैं।

## नवाजुद्दीन सिद्दीकी संग स्क्रीन साझा करना खास अनुभव : प्रिया

**- फिल्म कोस्टाओ को मिल रही सराहना**



मुंबई (ए.)। नवाजुद्दीन सिद्दीकी की हालिया रिलीज फिल्म कोस्टाओ को दर्शकों से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है। यह फिल्म 1 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम हुई और रिलीज के साथ ही चर्चा का विषय बन गई। इस फिल्म में नवाजुद्दीन के साथ मराठी सिनेमा की चर्चित अदाकारा प्रिया बापट मुख्य भूमिका में नजर आईं। फिल्म में उन्होंने मारिया नाम की एक मजबूत और संवेदनशील महिला का किरदार निभाया है। प्रिया का कहना है कि उन्होंने इस फिल्म को करने का फैसला इसलिए लिया क्योंकि उन्हें नवाजुद्दीन जैसे बेहतरीन अभिनेता के साथ काम करने का मौका मिल रहा था। प्रिया ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी की तारीफ करते हुए कहा, मैं हमेशा से उनकी अभिनय शैली की प्रशंसक रही हूं। उनके किरदारों में जो सच्चाई और उनके काम के प्रति जो समर्पण होता है, वह हर कलाकार के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने यह भी साझा किया कि नवाज के साथ करीब से काम करना और उनकी पत्नी का किरदार निभाना उनके करियर का यादगार अनुभव रहा। फिल्म की शूटिंग के माहौल को लेकर प्रिया ने कहा कि सेट पर सभी ने बेहद ईमानदारी से काम किया।

## एक्टिंग छोड़ सकती हैं 'बिग बॉस 17' फेम अभिनेत्री, कहा- इस इंडस्ट्री ने मुझे सांस नहीं लेने दी

'बिग बॉस 17' से मशहूर होने वाली अभिनेत्री सोनिया बंसल अब एक्टिंग छोड़ सकती हैं। अभिनेत्री ने अब तक पांच फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री के पास काम और पैसा तो है, लेकिन वह अपने जीवन में शांति की कमी का अनुभव कर रही हैं। अभिनेत्री ने यह भी साझा किया कि वह एक लाइफ कोच बनना चाहती हैं।

**जीवन में शांति की कमी**

अभिनेत्री ने हाल ही में ईटाइम्स के साथ बातचीत में साझा किया कि उनके पास सब-कुछ होने के बाद भी जीवन में शांति की कमी है। उन्होंने कहा, 'हम दूसरों के लिए सब कुछ करने में इतने व्यस्त हैं कि हम खुद को भूल जाते हैं। मुझे एहसास हुआ कि मैं अब यह भी नहीं जानती कि मेरा असली उद्देश्य क्या है। परफेक्ट बनने, प्रासंगिक बने रहने और ज्यादा कमाने की इस दौड़ में, मैंने खुद को खो दिया।'

अभिनेत्री ने आगे कहा, 'पैसा, शोहरत, लोकप्रियता सब कुछ मेरे पास था। जो मेरे पास नहीं था वह थी शांति। और अगर आप शांति में नहीं हैं तो आप पैसे का क्या करेंगे? आपके पास बाहरी रूप से सब कुछ हो सकता है, लेकिन अगर आप अंदर से खाली हैं, तो यह बहुत ही



अंधकारमय जगह है।'

**लाइफ कोच बनना चाहती हैं अभिनेत्री**

सोनिया ने यह भी साझा किया कि वह अब एक स्पिरिचुअल हीलर और लाइफ कोच बनना चाहती हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'मैं गहराई से अध्ययन करना चाहती हूं कि मैं वास्तव में जीवन में क्या चाहती हूं? इस इंडस्ट्री ने मुझे पहचान तो दी, लेकिन इसने मुझे शांति नहीं दी। इसने मुझे सांस लेने नहीं दिया। मैं अब और दिखावा नहीं करना चाहती। मैं अपने लिए, अपने आप में जीना चाहती हूं और एक लाइफ कोच और स्पिरिचुअल हीलर बनना चाहती हूं।'

सोनिया ने आगे कहा, 'आप कभी नहीं जानते कि आपका जीवन कब बदल जाएगा? आप कभी नहीं जानते कि मौत कब दस्तक दे सकती है? और अगर हमने तब तक सच्चाई से जीवन नहीं जिया है, तो इस पूरे सफर का क्या मतलब है?'

कौन हैं सोनिया बंसल?

सोनिया बंसल 'बिग बॉस 17' के घर से बेदखल होने वाली पहली प्रतियोगी थीं। साल 2019 में उन्होंने फिल्म 'नॉटी गैंग' से अपने अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद वह 'डुबकी', 'गेम सौ करोड़ का', 'शूरवीर' और 'धीरा' जैसी फिल्मों में नजर आईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह 'यह बॉस' की शूटिंग कर रही हैं, जो इंडस्ट्री छोड़ने से पहले उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है।

## द रॉयल्स का ट्रैक अदाएं तेरी रिलीज

मुंबई (ए.)। हाल ही में रोमांटिक कॉमेडी सीरीज द रॉयल्स का ट्रैक अदाएं तेरी रिलीज हुआ है। इस गाने में ग्लोबल स्टार नोरा फतेही और बॉलीवुड अभिनेता ईशान खट्टर की केमिस्ट्री ने इसे और भी आकर्षक बना दिया है। गाने का वीडियो भव्य महल की पृष्ठभूमि में फिल्माया गया है, जो इसे और भी आकर्षक बनाता है।

अदाएं तेरी एक शानदार रोमांटिक गाना है, जिसमें रोमांस, रिदम और शाही आकर्षण का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलता है। नोरा फतेही ने इस गाने में लाल रंग की बोल्ड ड्रेस पहनी है, जो उनके ग्लैमर को और बढ़ा देती है। वह अपने हर कदम और हर मोड़ के साथ एक राजसी एहसास पैदा करती हैं। उनकी सुंदरता और आकर्षण ने गाने को एक शाही रूप दिया है। इस गाने में नोरा और ईशान की केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल छुआ है, और दोनों की शानदार जोड़ी ने इसे और भी अविस्मरणीय बना दिया है। सोशल मीडिया पर दर्शकों की प्रतिक्रियाएं शानदार रही हैं। एक यूज़र ने गाने के बारे में लिखा, "ओएमजी! ये जोड़ी तो लाजवाब है! ईशान और नोरा साथ में कमाल लग रहे हैं, ये पूरा रॉयल फील दे रहा है!" दूसरे यूज़र ने नोरा की तारीफ करते हुए लिखा, "नोरा ने तो आग



लगा दी! कोरियोग्राफी और लुक्स दोनों टॉप क्लास हैं। अब तो द रॉयल्स देखने का इंतजार नहीं हो रहा!" एक फैन ने तो उन्हें यूनिवर्स की क्वीन तक कह दिया, "नोरा इस म्यूजिक वीडियो में इतनी रॉयल और खूबसूरत लग रही हैं कि सच में यूनिवर्स की क्वीन लगती हैं!"

द रॉयल्स सीरीज पहले ही अपने उच्च स्तरीय ड्रामा और शानदार कहानी के लिए चर्चा में है, और अदाएं तेरी ने इस चर्चा को और बढ़ा दिया है। यह गाना दर्शाता है कि नोरा फतेही अंतरराष्ट्रीय एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना रही हैं। हाल ही में, नोरा अपने हिट गाने स्नेक के साथ भी चर्चा का विषय बनीं, और वह लगातार ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही हैं। नोरा फतेही अब कंचना 4 में अभिनय करने के लिए तैयार हैं, और हर प्रोजेक्ट के साथ वह यह साबित कर रही हैं कि वह सिर्फ एक परफॉर्मर नहीं, बल्कि एक ताकत हैं।

## 'भोजपुरी की लेडी सिंघम' रानी चटर्जी ने गुनगुनाया अजय देवगन का गाना, वीडियो हुआ वायरल

मुंबई (ए.)। भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री रानी चटर्जी फिल्मों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। उनके हर पोस्ट को फैंस खूब पसंद करते हैं और बेसब्री से उनके अगले अपडेट का इंतजार करते हैं। हाल ही में रानी ने अपना एक नया वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह कार ड्राइव करते हुए



बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म 'सिंघम' के मशहूर गाने 'साथिया' को गुनगुनाती नजर आ रही हैं। रानी चटर्जी इस वीडियो में जिम वियर में दिखाई दे रही हैं और उनके चेहरे पर सुकून भरा रोमांटिक मूड झलकता है। उन्होंने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा, बदमाश दिल है तुझसे जुड़ा, अब क्या करे...। इस पोस्ट पर फैंस ने भी जमकर प्रतिक्रियाएं दी हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, आप रोमांटिक मूड में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री काजल अग्रवाल पर फिल्माए गए 'सिंघम' फिल्म के इस गाने को श्रेया घोषाल और अजय गोगावले ने गाया था। इस वीडियो के जरिए रानी न केवल अपनी गायकी का अंदाज दिखा रही हैं, बल्कि अपनी पसंदीदा फिल्मों और गानों से भी जुड़ाव साझा कर रही हैं। रानी चटर्जी को भोजपुरी सिनेमा में 'लेडी सिंघम' कहा जाता है।

## मेट गाला-2025 की महफिल ईशा अंबानी ने लूटी, डिजाइनर ड्रेस पहने लगी प्रिंसेस

**-ब्लैक, व्हाइट और गोल्डन ड्रेस पहनी, शाहरुख, कियारा ने फैशन शो में लिया भाग**



मुंबई,(ए.)। भारतीय कालकारों ने मेट गाला 2025 में अपने फैशन और लुक्स से दर्शकों का दिल मोह लिया। इसमें मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी छा गई। ईशा अंबानी ने अपने डिजाइनर आउटफिट से मेट गाला में चार चांद लगा दिए। दुनिया के सबसे बड़े फैशन शो मेट गाला 2025 के पहले दिन शाहरुख खान, दलजीत दोशान और कियारा आडवाणी ने सबका ध्यान खींचा, लेकिन मुकेश अंबानी की बेटी ईशा ने महफिल लूट ली।

मेट गाला में ईशा अंबानी ने पांचवीं बार अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने इस बार डिजाइनर अनामिका खन्ना की तैयार की ब्लैक, व्हाइट और गोल्डन ड्रेस पहनी। 20 हजार घंटों की कड़ी मेहनत के बाद ईशा अंबानी की यह ड्रेस तैयार हुई है। इस आउटफिट में ईशा अंबानी किसी प्रिंसेस से कम नहीं लग रही थीं। ईशा ने इस बार व्हाइट एम्ब्रॉयडर्ड कॉर्सेट और ब्लैक टेलर्ड पैंट्स पहना है। इसके साथ व्हाइट केप ड्रेस में एड किया है और व्हाइट हैट से लुक को कंप्लीट किया है। ईशा ने इस ड्रेस के साथ कोई इयररिंग्स नहीं पहनी, लेकिन डायमंड नेकलेस और रिंग्स के जरिए स्टाइल को कंप्लीट किया जिसने वहां मौजूद लोगों का दिल जीत लिया।



## वेरी पारिवारिक शो अब दूसरे सीज़न के साथ लौटने को तैयार

मुंबई (ए.)। टीवीएफ का बहुप्रशंसित शो वेरी पारिवारिक अब अपने दूसरे सीज़न के साथ लौटने को तैयार है। मेकर्स ने इसके सीज़न 2 का टीज़र जारी कर दिया है, जो एक बार फिर घरेलू रिश्तों, जेनरेशन गैप और हास्य से भरपूर कहानी की झलक दिखा रहा है। टीज़र में दिखाया गया है कि कहानी उसी पुराने अंदाज़ में आगे बढ़ेगी, जिसमें हल्की-फुल्की मस्ती, रोज़मर्रा की टकरार और पारिवारिक इमोशन्स शामिल हैं। शो में एक ऐसे कपल की कहानी दिखाई गई है, जिसमें पति आईटी प्रोफेशनल है और पत्नी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी हुई है। पहली कड़ी में जिस मोड़ पर कहानी पहुंची थी, वहां दोनों के माता-पिता उनके साथ रहने आ जाते हैं और यहीं से शुरू होती है मजेदार पारिवारिक उठा-पटक।

## राजकुमार राव की फिल्म का नया गाना रिलीज, धनश्री वर्मा बनी आइटम गर्ल; बिखेरा जलवा

डांसर-कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा ने हाल ही में अपने सभी फैंस को चौंका दिया है। आज मंगलवार के दिन 'भूल चूक माफ' फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का एक नया गाना रिलीज किया है, जिसमें धनश्री वर्मा ने अपने डांस स्टेप्स से सबको दीवाना बना लिया है। आइए जानते हैं किस गाने में धनश्री ने मचाई धूम।

**धनश्री ने राजुकमार राव को नचाया**

राजुकमार राव और वामिका गब्बी अभिनीत फिल्म 'भूल चूक माफ' फिल्म का चौथा गाना आज मंगलवार के दिन रिलीज हुआ है। इस गाने का नाम है 'टिंग लिंग सजना'। इस आइटम सॉन्ग में धनश्री वर्मा शानदार ठुमके लगाती नजर आ रही हैं। गाने की शुरुआत अभिनेता राजकुमार राव से होती है, जिसमें वह बैचलर सरप्राइज पार्टी का आनंद उठाने जाते हैं। इसके बाद धनश्री की गाने में धमाकेदार एंट्री होती है, जिसमें वह लाल रंग के स्लीवलेस ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। उनके डांस मूव्स ने वहां मौजूद सभी को अपनी दीवाना बना लिया। इस गाने में तनिष्क बागची और मधुवंती बागची ने अपनी आवाज दी है, वहीं बात करें लीरिक्स तो इसे इरशाद कामिल ने लिखा है।

**इस दिन रिलीज होगी फिल्म**

करण शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'भूल चूक माफ' 09 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार राव और वामिका गब्बी के अलावा सीमा पाहवा अहम किरदार में हैं। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है।



**धनश्री वर्मा के वर्मा के बारे में**

हाल ही में डांसर धनश्री वर्मा भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से तलाक को लेकर चर्चा में थीं। 'भूल चूक माफ' फिल्म के इस गाने से धनश्री ने सभी को चौंका दिया है। इससे पहले अभिनेत्री को अपारशक्ति खुराना के साथ 'बल्ले नी बल्ले' फिल्म के एक गाने 'देखा जी देखा मैंने' में देखा गया था, जो ज्योति नूरन द्वारा गाया गया था। रिपोर्ट्स के अनुसार आने वाले समय में एक्ट्रेस तेलुगु फिल्म 'आकाशम दाती' से एक्टिंग में डेब्यू करने वाली हैं।

## महिलाओं में मधुमेह के जोखिम कम कर सकती है ब्लैक कॉफी, अध्ययन में हुआ खुलासा

कई लोग अपने दिन की शुरूआत ब्लैक कॉफी से करते हैं क्योंकि उनका मानना है कि यह भरपूर ऊर्जा देने के साथ कई अन्य लाभ दे सकती है।वहीं एक नए अध्ययन से पता चला है कि रोजाना एक कप ब्लैक कॉफी पीने से महिलाओं में मधुमेह के जोखिम कम हो सकते है। इसलिए इसे डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।आइए इस अध्ययन के बारे में विस्तार से जानते हैं।



**7,000 से ज्यादा लोगों पर किया गया अध्ययन**

एक हालिया अध्ययन के अनुसार, ब्लैक कॉफी का सेवन न केवल ताजगी प्रदान कर सकता है बल्कि इससे इंसुलिन संवेदनशीलता भी सुधरती है, खासकर महिलाओं में। साल 2019 से 2021 के कोरिया नेशनल हेल्थ एंड न्यूट्रिशन एग्जामिनेशन सर्वे के डेटा का इस्तेमाल करके किए गए इस अध्ययन में 7,000 से ज्यादा कोरियाई वयस्कों के बीच कॉफी की खपत और ग्लूकोज मेटाबॉलिज्म के स्तर के बीच संबंधों का विश्लेषण किया गया।

**इस तरह से ब्लैक कॉफी का असर आया सामने**

इस अध्ययन के लिए प्रतिभागियों ने 24 घंटे की अवधि में अपनी कॉफी की खपत और कॉफी के प्रकार के बारे में बताया।इसके बाद शोधकर्ताओं ने कहा, हमारे निष्कर्षों से पता चलता है कि रोजाना दो या अधिक कप ब्लैक कॉफी का सेवन कोरियाई महिलाओं में इंसुलिन रेजिस्टेंस से विपरीत रूप से जुड़ा हुआ है।अध्ययन के परिणामों ने ब्लैक कॉफी की खपत और ग्लूकोज मेटाबॉलिक के बेहतर स्तर के बीच जरूरी संबंध का संकेत दिया।

ब्लैक कॉफी इंसुलिन संवेदनशीलता को सुधारने में कर सकती है मदद- शोधकर्ताशोधकर्ताओं का कहना है कि जिन महिलाओं ने ब्लैक कॉफी पी थी, उनमें बेहतर इंसुलिन संवेदनशीलता और कम इंसुलिन रजिस्टेंस सामने आया।उन्होंने आगे कहा, इन निष्कर्षों से पता चलता है कि ब्लैक कॉफी मेटाबॉलिक स्वास्थ्य को बढ़ाने में भूमिका निभा सकती है, खासतौर से महिलाओं में।बता दें कि इंसुलिन संवेदनशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि आपका शरीर इंसुलिन के प्रति कितनी अच्छी तरह प्रतिक्रिया करता है।

**ब्लैक कॉफी का अधिक सेवन करने से बचें- शोधकर्ता**

शोधकर्ताओं ने बताया कि जब इंसुलिन संवेदनशीलता अधिक होती है तो शरीर अच्छे से काम करता है, जिससे खून में शर्करा का स्तर भी नियंत्रण में रहता है और टाइप 2 मधुमेह होने की संभावना कम हो जाती है।

उन्होंने आगे कहा कि ब्लैक कॉफी पीना लाभदायक है, लेकिन इसका अधिक सेवन करने से बचें क्योंकि इसकी अधिकता नुकसान का कारण बन सकती है। इससे नींद खराब हो सकती है या बेचैनी महसूस हो सकती है।

## बेटी ने बुलाया सिंड्रेला तो प्रियंका ने दिया तोहफा, बैक स्टेज सुनाया मजेदार किस्सा



ग्लोबल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा मेट गाला 2025 में अपने पति निक जोनस के साथ पहुंची। क्लासिक हॉलीवुड वाइव देते लुक में कपल काफी प्यारा लगा था और फैंस ने भी दोनों की तारीफ की थी। हालांकि, प्रियंका और निक तो मेट गाला में पहुंच गए, लेकिन उनकी बेटी मालती इस दौरान कहां थीं और क्या कर रही थीं, सोचने वाली बात है। अब खुद कपल ने इस बारे में बताया है कि जब वो मेट गाला में शिरकत कर रहे थे, तब बेटी मालती क्या कर रही थीं। जानिए कपल ने बेटी के बारे में क्या बताया।

**निक-प्रियंका ने मालती को दी चीट डे की परमिशन**

मेट गाला के दौरान वोग के साथ बातचीत में कपल ने बेटी मालती के बारे में बात करते हुए बताया कि जब वो इस समारोह के लिए आए तो मालती क्या कर रही थी। उन्होंने बताया कि जब हम तैयार हो रहे थे, तब हमारी बेटी हमारे साथ थी। हम रात भर चेक-इन करते रहे। हम बस मौज-मस्ती कर रहे थे। प्रियंका ने अपनी बेटी मालती से कहा कि वह आज मूवी देख सकती है क्योंकि हम बाहर जा रहे हैं।

# मुंबई इंडियंस का पूर्व क्रिकेट दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार

नई दिल्ली (ए)। मुंबई इंडियंस टीम का एक पूर्व क्रिकेटर रेप मामले में गिरफ्तार किया गया है। इस क्रिकेटर का नाम शिवालिक शर्मा है। उसकी एक दोस्त ने ही उसपर रेप का ये आरोप लगाया है। दोनों ने प्यार के बाद सगाई भी की थी पर लेकिन इसके बाद शिवालिक शर्मा पर धोखा देने का आरोप है। शिवालिक ने बड़ौदा की टीम में हार्दिक पांड्या और



क्रुणाल पांड्या के साथ भी खेला है। उसने बड़ौदा के लिए घरेलू क्रिकेट में 50 से ज्यादा मुकाबले खेले हैं। पुलिस के अनुसार एक युवती की ओर से दर्ज कराई रिपोर्ट के बाद पुलिस ने शिवालिक को गुजरात में वडोदरा के अटलादरा थाना क्षेत्र से शनिवार को गिरफ्तार किया और जोधपुर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शिवालिक वडोदरा के रहने वाले हैं और मुंबई इंडियंस की टीम में आईपीएल 2024 के दौरान शामिल थे। हालांकि, उनको एक भी मैच में खेलने का अवसर नहीं मिल पाया था। इस क्रिकेटर को तब 20 लाख रुपये में आईपीएल नीलामी में मुम्बई ने खरीदा था।

रिपोर्ट में पीड़िता ने कहा है कि सोशल मीडिया के जरिए उसकी शिवालिक से दोस्ती हुई जो बाद में नजदीकियों में बदल गई। इसके बाद कई बार शिवालिक जोधपुर भी आया और उसने पीड़िता को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। ये भी कहा गया है कि शिवालिक ने युवती के साथ सगाई भी की थी। बाद में शिवालिक के परिवार ने इसे तोड़ दिया और वे नया रिश्ता खोजने लगे। इससे तंग आकर युवती ने उसकी शिकायत कर दी।

# प्लेऑफ के लिए शीर्ष चार की दौड़ में शामिल हैं ये टीमें

## अब तक तीन टीमें हुई हैं बाहर

मुम्बई (ए)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस 18 वें सत्र में तीन टीमें जहां प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी हैं। वहीं शीर्ष चार स्थान के लिए सात टीमें दौड़ में हैं। इस साल का मुकाबला अपने अंतिम चरण में है। जहां सनराइजर्स राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी हैं। वहीं सात अन्य टीमें शीर्ष चार की दौड़ में बरकरार हैं। इसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस, मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स की टीम शामिल है।

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) प्लेऑफ में जगह बनाने की सबसे प्रबल दावेदार है। आरसीबी के अभी 11 मैच के बाद 16 अंक हैं और उसका नेट रन रेट 0.482 है। उसे अभी लखनऊ सुपरजायंटस , सनराइजर्स हैदराबाद और केकेआर से खेलना है और शीर्ष 4 में जगह बनाने के लिए केवल एक जीत की जरुरत है। है।

## पंजाब किंग्स

मैच: 11, अंक: 15, नेट रन रेट: 0.376

बचे मैच: डीसी , एमआई , आरआर

पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के 11 मैचों में 15 अंक हैं और उसका नेट रन रेट: 0.376 है। प्लेऑफ में पहुंचने उसे अगले तीन मैचों में से दो मैच जीतने होंगे। वही अपने बाकी मैचों में से केवल एक जीतकर भी प्रवेश हासिल कर सकती है पर इसके लिए उसे अन्य टीमों के परिणामों पर आधारित रहना होगा।

## मुंबई इंडियंस

मैच: 11, अंक: 14, नेट रन रेट: 1.124

बचे मैच: जीटी , पीबीकेएस , डीसी

मुंबई इंडियंस (एमआई) टीम ने 11 मैचों में 14 अंक हासिल किए हैं , उसका हैं नेट रन रेट: 1.124

उसे प्लेऑफ में जगह बनाने 3 मैचों में से 2 जीतने होंगे

## गुजरात टाइटंस

मैच: 10, अंक: 14, नेट रन रेट: 0.867

बचे मैच: एमआई , डीसी , एलएसजी , सीएसके



गुजरात टाइटंस (जीटी) ने अभी तक सिर्फ 10 मैच खेले हैं। उनके पास 14 अंक हैं और नेट रन रेट: 0.867 है।

उसे शीर्ष 4 में जगह बनाने के लिए बाकी 4 मैचों में से सिर्फ 2 जीतने हैं।

## दिल्ली कैपिटल्स का आईपीएल प्लेऑफ समीकरण

मैच:11, अंक: 13, नेट रन रेट: 0.362

बचे मैच: पीबीकेएस, जीटी, एमआई

दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। इससे डीसी के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अभी समाप्त नहीं हुई हैं पर अभी अपने बाकी 3 मैचों में से कम से कम 2 जीतने होंगे। उसके 11 मैचों में 13 अंक हैं।

## कोलकाता नाइटराइडर्स

कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर ) को अपने बचे हुए तीनों मैच जीतने होंगे। इससे उनके 14 मैचों में 17 अंक हो जाएंगे। लेकिन यह भी काफी नहीं हो सकता है। ऐसे में उनकी किस्मत नेट रन रेट और दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर करेगी।

## लखनऊ सुपर जायंट्स

लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए आगे की राह बेहद कठिन है। अबर वह अपने बाकी 3 मैचों में जीत भी ले तो उसके 16 अंक ही होंगे। ऐसे में उसका क्वालीफाई करना पूरी तरह से दूसरे परिणामों पर निर्भर करेगा। सभी टॉप-7 की टीमों को टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी सीएसके, आरआर और एसआरएच के साथ खेलना है। ऐसे में ये तीन टीम इनका समीकरण बिगाड़ सकती हैं।

# बारिश में धुला दिल्ली और हैदराबाद का मैच, फंसा प्लेऑफ का पेंच

हैदराबाद(ए)। आईपीएल 2025 के 55वें मैच में आज सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स की टक्कर देखने को मिली लेकिन यह धमाकेदार टक्कर पूरी नहीं हो पाई क्योंकि हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम खेला गया ये मैच भारी बारिश की भेंट चढ़ गया. अंपायर द्वारा काफी इंतजार करने बाद मैच को रद्द कर दिया गया. ये मैच बेनतीजा रहा और दोनों टीमों के 1-1 अंक मिल गया.

इस मैच में 1 अंक हासिल करने के बाद भी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम का प्लेऑफ का सफर खत्म हो गया है. हैदराबाद की टीम आधिकारिक तौर पर आईपीएल 2025 के प्लेऑफ से बाहर हो चुकी है. टीम के 11 मैचों के बाद कुल 7 अंक है जिसमें तीन जीत एक बेनतीजा मैच और 7 हार मौजूद हैं. हैदराबाद इस समय अंक तालिका में 8वें स्थान पर हैं.दिल्ली कैपिटल्स इस मैच को नहीं जीत पाई और उसे 1 अंक मिला. इस एक अंक ने भी दिल्ली कैपिटल्स के लिए रास्ता पेचीदा कर दिया है. दिल्ली के 11 मैचों के बाद 6 जीत और 4 हार व एक बेनतीजा मैच के साथ कुल 13 प्वाइंट्स हैं. अब दिल्ली को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए आने वाले 3 मैचों में से हर हाल में 2 मैच जीतने होंगे. ऐसा करने से टीम के 17 प्वाइंट्स हो जाएंगे और वो प्लेऑफ में पहुंच सकती है. दिल्ली इस समय अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है.

इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 133 रन बनाए. टीम के लिए ट्रिस्टन स्टब्स ने 36 बॉल में 4 चौकों की मदद से 41 रनों की पारी खेली. आशुतोष शर्मा ने 26 बॉल में 2 चौके और 3 छक्कों की मदद से 41 रनों की पारी खेली. दिल्ली की पारी के अंत के बाद बारिश आई और मैच दोबारा शुरू नहीं हो पाया.

# गुजरात टाइटंस के लिए आई बड़ी खुशखबरी

नई दिल्ली,(ए)। गुजरात टाइटन्स के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा की वापसी के बारे में स्थिति स्पष्ट कर दी है। उन्होंने कहा है कि, 29 वर्षीय खिलाड़ी ने अपना अस्थायी निलंबन पूरा कर लिया है और वह मंगलवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ गुजरात टाइटंस के अगले मैच के लिए उपलब्ध होंगे।

दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को नशीली दवा लेने के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया था। अप्रैल में वह फ्रेंचाइजी के लिए कुछ मैच खेलने के बाद घर लौट आए और कहा गया कि वह उस समय व्यक्तिगत कारणों से वापस लौटे थे। हालांकि तेज गेंदबाज ने हाल ही में खुलासा किया कि उन्हें मंगलवार को नशीली दवा लेने का दोषी पाया गया और उन्हें अस्थायी निलंबन दिया गया। जीटी के निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा, जहां तक कल के मैच का सवाल है तो बात यह है कि पिछले एक महीने में लिए गए सभी निर्णयों और जो कुछ भी हुआ है, उसे देखते हुए वह अब उपलब्ध हैं. दूसरी बात जो मैं रिकॉर्ड पर रखना चाहता हूं वह यह है कि जहां तक प्रक्रिया और प्रोटोकॉल का सवाल है. इस प्रकरण में शामिल सभी लोग कैगिसो से लेकर उनके प्रतिनिधि सभी मामलों में जहां तक आवश्यकताओं का पालन किया गया है. हम कगिसो के इर्द-गिर्द भावनाओं के प्रति भी सचेत रहने की कोशिश करते हैं. लेकिन यह सब कहने के बाद, वह अब समय, प्रतिबंध 30 दिनों के निलंबन की सजा पूरी कर वापस आ गया है. जीटी वर्तमान में आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में आगे बढ़ने की मजबूत स्थिति में है. वो 10 मुकाबलों में सात जीत और तीन हार के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर हैं. वह अब दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए भी उपलब्ध होंगे जो अगले महीने खेला जाना है. 29 वर्षीय यह खिलाड़ी 2023-25 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में 19.97 की गेंदबाजी औसत के साथ 47 विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका का सबसे अधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज था।

# सीएसके को हराकर प्लेऑफ की संभावनाएं बनाये रखने उतरेगी केकेआर

## शाम 7.30 बजे से शुरु होगा मुकाबला

कोलकाता (ए)। आईपीएल में बुधवार को यहां के ईडन गार्डन्स मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज कर अपनी प्लेऑफ की उम्मीदे बनाये रखने के लिए उतरेगी। केकेसार के अभी 11 अंक हैं और अगले तीनों मैच में जीतने पर उसके 17 अंक हो जाएंगे हालांकि इसके बाद भी उसकी प्लेऑफ में जगह पक्की नहीं है, ऐसे में उसे नेट रन रेट भी बेहतर रखना होगा। ऐसे में केकेआर इसे मैच में जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी। वहीं सीएसके की टीम पहले ही प्लेऑफ से बाहर हो गयी है , ऐसे में वह बिना किसी दबाव के खेलेगी। केकेआर को इस सत्र में अपने घरेलू मैदान पर अधिकतर हार का सामना करना पड़ा है जिसका भी लाभ उठाना चाहेगी सीएसके। इसके अलावा सीएसके का लक्ष्य में इस मैच में अपने युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजरें बनाये रखना रहेगा। ये मैच सीएसक के कप्तान धोनी का इस ऐतिहासिक मैदान पर अंतिम मैच हो सकता है। ऐसे में वह प्रशंसकों के आकर्षण का केन्द रहेंगे। ईडन गार्डन्स धोनी की कई उपलब्धियों का गवाह भी रहा है जिनमें प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहला शतक और टेस्ट क्रिकेट में दो शतक भी शामिल हैं। उन्होंने यहां क्लब क्रिकेट भी खेला है। धोनी का प्रदर्शन अब पहले की तरह आकर्षक नहीं रहा है हालांक उनके चाहने वालों का उनके साथ भावनात्मक लगाव है




और इसलिए वे बड़ी संख्या में यहां पहुंच सकते हैं। चेन्नई की टीम पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से दो रन से हार गई थी। धोनी ने इस मैच में आठ गेंद पर 12 रन बनाए लेकिन वह अंतिम ओवर की तीसरी गेंद पर आउट हो गए जिससे चेन्नई की टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई थी। धोनी ने मैच के बाद हार की जिम्मेदारी ली थी।

वहीं केकेआर को पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक रन से जीत मिली थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा और वह इस सिलसिले को बनाये रखना चाहेगी। केकेआर को अगर इस मैच में जीत दर्ज करनी है तो उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

## दोनो ही टीम इस प्रकार है

कोलकाता नाइट राइडर्स: अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नॉर्टजे, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकारिया।

चेन्नई सुपर किंग्स: महेन्द्र सिंह धोनी (कप्तान, विकेटकीपर), शेख रशीद, आयुष म्हात्रे, दीपक हुडा, सैम कुरेन, रवींद्र जडेजा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना, अंशुल कंबोज, आर अश्विन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, जेमी ओवरटन, विजय शंकर, राहुल त्रिपाठी, श्रेयस गोपाल, डेवोन कॉनवे, रचिन रवींद्र, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, सी आंद्रे सिद्धार्थ, वंश बेदी।

# विदेश समाचार

# बांग्लादेश में आम चुनाव की हलचल के बीच हसीना की पार्टी पर बैन लगाने की मांग उठी



ढाका,(ए)। बांग्लादेश में चुनावी राजनीति की दिशा तेजी से बदल रही है। भले ही चुनाव की तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन विभिन्न राजनीतिक दलों और नए उभरते संगठनों की सक्रियता से यह संकेत मिल रहे हैं कि आगामी चुनाव के लिए गतिविधियाँ तेज हो चुकी हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस का अनुमान है कि आम चुनाव दिसंबर 2025 या जनवरी 2026 में हो सकते हैं।शेख हसीना की पार्टी, अवामी लीग, और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी करने में जुट चुकी हैं। इन दोनों दलों के अलावा, नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) भी चुनावी परिदृश्य में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए सक्रिय हो गई है। हालांकि, इस बार बांग्लादेश की चुनावी राजनीति में एक नया मोड़ आया है। एनसीपी, जो छात्र आंदोलनों से उभरकर सामने आई है, ने अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि जब तक अवामी लीग पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाता और चुनावी प्रणाली में सुधार नहीं होते, तब तक वे इस चुनाव को वैध नहीं मानेंगे। एनसीपी के दक्षिण क्षेत्र प्रमुख हसनत अब्दुल्ला का कहना है, कि हम अवामी लीग पर प्रतिबंध और चुनावी सुधार दोनों पर समानांतर रूप से काम कर रहे हैं।इसके साथ ही, यह पार्टी ग्रामीण इलाकों और कॉलेज परिसरों में तेजी से अपनी पकड़ बना रही है और आगामी चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाने का दावा करती दिख रही है।

# 71 देशों के 133 कार्डिनल में से नए पोप का चुनाव, बुधवार से कान्क्लेव होगी शुरु

वेटिकन सिटी,(ए)। नए पोप के चुनाव के लिए बुधवार यानी 7 मई से कान्क्लेव शुरू होगी। ऐसा कोई नियम नहीं है कि कार्डिनल राष्ट्रीयता या क्षेत्र के हिसाब से मतदान करें, लेकिन भौगोलिक लिहाज से उनके दृष्टिकोण को समझने से उनकी प्राथमिकताएं पता चलती हैं। दुनियाभर के



140 करोड़ कैथोलिक के नए पोप का चुनाव भौगोलिक विविधता के लिहाज से ऐतिहासिक होगा।

फिलहाल 71 देशों में 80 साल से कम उम्र के 135 कार्डिनल हैं, जिनमें से दो ने स्वास्थ्य कारणों के चलते मतदान से इन्कार कर दिया है। अब 133 कार्डिनल चुनाव में पहुंचेंगे और बहुमत के लिए दो-तिहाई यानी 89 वोट की जरूरत होगी। इटली में सर्वाधिक 17 कार्डिनल हैं, अमेरिका (10), ब्राजील (7), फ्रांस और स्पेन (5), अर्जेंटीना, कनाडा, भारत, पोलैंड और पुर्तगाल में चार-चार कार्डिनल हैं। अब इन्हें क्षेत्र के मुताबिक अलग किया जाए, तो वेटिकन के आंकड़ों के मुताबिक यूरोप के 53 कार्डिनल हैं और एक के बीमार होने से मतदान में 52 हिस्सा लेंगे। इसके बाद एशिया से 23, अफ्रीका के 18 में एक तबीयत खराब होने से 17, दक्षिण अमेरिका के 17, उत्तरी अमेरिका के 16, मध्य अमेरिका के चार और ओसियनिया के चार कार्डिनल हैं।

# देशद्रोह के बाद अब वकील की हत्या के आरोप में चिन्मय दास गिरफ्तार

## -अभी हाल ही में हाई कोर्ट से मिली थी जमानत

ढाका,(ए)। बांग्लादेश में इस्कॉन के पूर्व पुजारी और संत चिन्मय कृष्ण दास की परेशानियां कम नहीं हो रही हैं। देशद्रोह के मामले में हाई कोर्ट से मिली जमानत के कुछ ही दिन बाद ही उन्हें अब एक वकील की हत्या के आरोप में फिर से गिरफ्तार कर लिया गया है। चटगांव की एक कोर्ट ने सोमवार को चिन्मय दास की गिरफ्तारी को मंजूरी दी। मामला वकील सैफुल इस्लाम अलिफ की पिछले साल कोर्ट परिसर के बाहर हुई हत्या से जुड़ा है। पुलिस ने इस मामले में चिन्मय दास की संलिप्तता के सबूतों का हवाला देते हुए गिरफ्तारी की मांग की थी। बता दें पिछले साल 25 नवंबर 2024 को उन्हें देशद्रोह के आरोप में ढाका एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। आरोप था कि उन्होंने बांग्लादेश की सरकार और इस्लाम धर्म के खिलाफ भड़काऊ बयान दिए थे। इस मामले में बांग्लादेश हाईकोर्ट ने उन्हें हाल ही में जमानत दी थी, लेकिन उसी दिन सुप्रीम कोर्ट के अपीलीय प्रभाग ने उस आदेश पर रोक लगा दी थी।

# UNSC में पाकिस्तान की फजीहत : भारत-पाक तनाव पर क्लोज़ डोर मीटिंग रही बेनतीजा

इस्लामाबाद (आरएनएस)। बढ़ते भारत-पाकिस्तान तनाव को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने मंगलवार को बंद कमरे में विशेष क्लोज़ डोर बैठक बुलाई। यह बैठक तब हुई जब महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दोनों परमाणु संपन्न पड़ोसी देशों के बीच हालिया तनाव को सालों में सर्वाधिक और गंभीर मोड़ पर बताया था। गुटेरेस ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 नागरिकों की जान जाने की निंदा करते हुए कहा, नागरिकों को निशाना बनाना स्वीकार्य नहीं। दोषियों को कानून के तहत सजा मिलनी चाहिए। इस नाज़ुक घड़ी में दोनों देशों को संयम बरतकर सैन्य टकराव से बचना चाहिए और बातचीत के मार्ग पर लौटना चाहिए। बैठक पाकिस्तान के अनुरोध पर सुरक्षा परिषद के 'कंसल्टेशन रूम' में आयोजित की गई, जहाँ कोई प्रस्ताव पारित नहीं हुआ और न कोई संयुक्त बयान जारी हुआ। पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि आसिम इफ्तिखार अहमद ने प्रेस वार्ता में कहा कि इस चर्चा ने उनके अधिकतर उद्देश्यों को साकार किया और पाकिस्तान शांति तथा वार्ता का पक्षधर बना रहेगा। भारत के पूर्व स्थायी प्रतिनिधि सैयद अकबरुद्दीन ने टिप्पणी की कि ठोस नतीजों की उम्मीद नहीं थी और यह मंच केवल धारणाएं गढ़ने का अवसर था।

# भारत से लिया पंगा तो पाक हो जाएगा कंगाल, रिपोर्ट जारी कर मूडीज ने किया खबरदार

इस्लामाबाद (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए दुखद आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच एक बार फिर तनाव चरम पर है। भारत ने इस हमले पर जिस तरह से सख्त रुख अपनाया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित केंद्रीय गृह मंत्री और रक्षा मंत्री ने 'माकूल कार्रवाई' और 'अंजाम भुगतने' जैसे कड़े बयान दिए हैं, उससे पड़ोसी पाकिस्तान में 'जंग' की आहट महसूस की जा रही है। भारत के इस कड़े रुख से पाकिस्तान की नींद हराम हो गई है और वहां के नेता दुनिया भर में इस तनाव को कम करने की गुहार लगा रहे हैं। इसी बीच, वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट जारी की है। 'भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से पाकिस्तान की वृद्धि पर असर' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ता है और कोई सैन्य संघर्ष होता है तो इसका पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर बेहद गंभीर नकारात्मक असर पड़ेगा, जबकि भारत पर इसका प्रभाव काफी सीमित रहेगा। मूडीज की रिपोर्ट के अनुसार, सैन्य टकराव की स्थिति में पाकिस्तान, जो पहले से ही गंभीर आर्थिक संकटों से जूझ रहा है और मुश्किल से अपनी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की कोशिश कर रहा है, उसे एक बड़ा आर्थिक झटका लगेगा। इससे उसका विदेशी मुद्रा भंडार भारी दबाव में आ सकता है और उसकी आर्थिक वृद्धि दर बुरी तरह प्रभावित हो सकती है।रिपोर्ट में भारत की आर्थिक सेहत पर सीमित असर पड़ने का कारण बताते हुए कहा गया है कि पाकिस्तान के साथ भारत के आर्थिक संबंध बहुत ही मामूली हैं। वर्ष 2024 में भारत के कुल निर्यात में पाकिस्तान की हिस्सेदारी 0.5 प्रतिशत से भी कम रही थी। इसलिए सैन्य तनाव का भारत की आर्थिक गतिविधियों पर कोई बड़ा व्यवधान उत्पन्न होने की संभावना नहीं है। गौरतलब है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई थी।

# ट्रंप प्रशासन का बड़ा ऐलान, अपनी मर्जी से अमेरिका छोड़ने वाले अवैध प्रवासियों को मिलेंगे इतने रुपये



वाशिंगटन,(आरएनएस)। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने घोषणा की है कि स्वेच्छा से अमेरिका छोड़ने वाले अवैध प्रवासियों को 1,000 डॉलर और उनके यात्रा व्यय का भुगतान करेगा। ऐसा इसलिए ताकि सामूहिक निर्वासन को बढ़ावा दिया जा सके। होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने एक बयान के जरिए इसकी जानकारी दी। कहा, डीएचएस ने अवैध विदेशियों के लिए सीबीपी (सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा) होम ऐप के माध्यम से अपने देश वापस यात्रा करने के लिए वित्तीय और यात्रा सहायता प्राप्त करने के लिए एक ऐतिहासिक अवसर प्रदान करने का ऐलान किया है। कोई भी अवैध विदेशी जो स्व-निर्वासन के लिए सीबीपी होम ऐप का उपयोग करता है, उसे 1,000 डॉलर का स्टाइपेंड (वजीफा) भी मिलेगा, जिसका भुगतान उनके स्वदेश लौटने की पुष्टि (ऐप के जरिए) होने के बाद किया जाएगा।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने विभाग के हवाले से बताया कि 'स्टाइपेंड' की लागत के बावजूद, यह अनुमान लगाया गया है कि ऐप का उपयोग करके स्व-निर्वासन से निर्वासन की लागत में लगभग 70 प्रतिशत की कमी आएगी। वर्तमान में एक अवैध विदेशी को गिरफ्तार करने, हिरासत में लेने और निकालने की औसत लागत 17,121 डॉलर है। होमलैंड सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा, यदि आप अवैध रूप से यहां हैं, तो स्व-निर्वासन गिरफ्तारी से बचने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका छोड़ने का सबसे अच्छा, सबसे सुरक्षित और सबसे किफायती तरीका है।

मिशिगन में हाल ही में एक रैली में भाषण देते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि उनके कार्यकाल के पहले 100 दिन इतिहास में किसी भी अमेरिकी प्रशासन के सबसे सफल दिन थे। ट्रंप ने अवैध अप्रवासियों के निर्वासन में वृद्धि जैसी नीतियों को अपनी प्रमुख उपलब्धियों में से एक बताया था। ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन द्वारा प्रकाशित एक हालिया विश्लेषण के अनुसार, एक क्षेत्र जहां प्रशासन अपने प्रवर्तन लक्ष्यों को पूरा करने में विफल होता दिख रहा है, वह निर्वासन की संख्या है।

# न्यूजीलैंड में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन की उठी मांग, सांसद कैथरीन वेड ने रखा प्रस्ताव

वेलिंगटन ,(आरएनएस)। न्यूजीलैंड की सांसद कैथरीन वेड ने एक कानून का प्रस्ताव रखा है, ये 16 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया इस्तेमाल करने से रोकेगा। यह प्रस्ताव ऑस्ट्रेलिया के सख्त डिजिटल प्लेटफॉर्म नियमों का अनुसरण करता है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, न्यूजीलैंड नेशनल पार्टी की सांसद कैथरीन वेड ने सदस्य विधेयक पेश किया है, जिसके तहत सोशल मीडिया कंपनियों पर उपयोगकर्ताओं की उम्र सत्यापित करने और नाबालिगों को अकाउंट बनाने से रोकने की जिम्मेदारी होगी।रेडियो न्यूजीलैंड के अनुसार, नियम न मानने वाली कंपनियों पर जुर्माना लग सकता है और उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उपयोगकर्ता कम से कम 16 साल के हों। वेड ने कहा, मेरा सोशल मीडिया आयु-उपयुक्त उपयोगकर्ता बिल 16 साल से कम उम्र के बच्चों को साइबर बुलिंग, अनुचित सामग्री और सोशल मीडिया की लत से बचाने के लिए है।इस विधेयक का समर्थन प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने किया है। उन्होंने कहा कि वे इसे सरकारी बिल के रूप में अपनाने के लिए तैयार हैं, यह एक ऐसा कदम है जो संसद के माध्यम से इसकी प्रगति को तेज करेगा। लक्सन ने कहा, यह राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि न्यूजीलैंड का मुद्दा है और वे सभी दलों का समर्थन चाहते हैं।

न्यूजीलैंड का प्रस्तावित कानून ऑस्ट्रेलिया में लागू कानून पर आधारित है। अगर यह पास होता है, तो कुछ प्लेटफॉर्म्स को आयु-प्रतिबंधित घोषित किया जा सकेगा और कानून लागू होने के तीन साल बाद इसके प्रभाव की समीक्षा होगी।

# कलेक्टर ने की जिले में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा

**-सभी विकास एवं निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयसीमा में पूर्ण कराएं : कलेक्टर बालागुरू के.**

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्माण विभागों की बैठक आयोजित कर जिले में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को जिले में चल रहे सभी निर्माण एवं विकास कार्यों में तेजी लाते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने मैदानी अमले को लक्ष्य देकर उसके अनुरूप कार्य को पूर्ण कराए। इसके साथ ही सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास एवं निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान यदि गुणवत्ता में कोई कमी पाई जाती है तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी विकास एवं निर्माण कार्यो की मॉनिटरिंग करें और कार्यो को जल्द से जल्द से पूर्ण कराएं। उन्होंने जिले में चल रहे पुल, पुलिया, नाली सहित अन्य सभी निर्माण कार्यों को वर्षा ऋतु से पहले




ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणत्तपूर्ण और अच्छे पुलों के निमार्ण से एक विकसित देश का निर्माण होता है, उत्कृष्ट निमार्ण कार्य हमारे देश की नींव हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी कार्य के लिए उतनी ही समय सीमा बताई जाए जितने समय मे वह कार्य पूर्ण हो सके। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों को निर्देश दिए कि समय का एक-एक दिन बहुत कीमती है, समय खराब न करें और विकास एवं निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का प्रयास करें। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए लोक निर्माण विभाग को सभी सड़कों एवं पुलों के निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि अतिक्रमण के कारण यदि कही सड़क निर्माण कार्य में दिक्कत आती है, तो वहां त्वरित कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण को हटाया जाए और निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को किसी तरह की परेशानी न हो। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने जिले की पंचायतों के चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराने के संबंधित अधिकारियों निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने लोक निमार्ण विभाग, जल संसाधन, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, मध्यप्रदेश भवन विकास निगम, शिक्षा विभाग, सेतु निर्माण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की।

### *बचपन से नेत्रहीन बालिका ने कक्षा बारहवी में 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिजनों को किया गौरवान्वित*



*सीहोर (निप्र)। सीहोर जिले की आष्टा तहसील के मैना गाँव की होनहार बालिका दीपिका वर्मा ने कक्षा बारहवीं में 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिजनों को गौरवान्वित किया है। ज्ञातव्य है कि दीपिका बचपन से ही नेत्रहीन है और शासकीय सरोजिनी नायडू गर्ल्स स्कूल में अध्ययनरत है। उनके पिता जितेंद्र कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि दीपिका पढ़ाई के साथ-साथ संगीत में भी काफी रूचि रखती है। दीपिका ने सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा गृहण की है।*

## राजस्व मंत्री श्री वर्मा का दौरा कार्यक्रम

सीहोर (निप्र)। राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा 07 मई को भोपाल से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे सीहोर तहसील के ग्राम खेड़ली पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात राजस्व मंत्री श्री वर्मा दोपहर 12 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में संचालित की जा रही अनेक गतिविधियां



सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार सीहोर जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, रंगोली, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं, शपथ सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के अनेक ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है।

इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जल संरक्षण एवं जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम डीमावर में जल चौपाल आयोजित
### नागरिकों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा के निर्देशानुसार जिले के जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अनेकों गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में नीलकंठ समूह जल प्रदाय योजना के ग्राम पंचायत डीमावर में जल चौपाल का आयोजन किया गया। इस जल चौपाल में ग्रामवासियों को जल संरक्षण, जल प्रबंधन और जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जल चौपाल में ग्रामवासियों को बताया गया कि किस प्रकार छोटे-छोटे प्रयासों से जल का सरंक्षण कर भविष्य में उत्पन्न होने वाले जल संकट को रोका जा सकता है। इस अवसर पर ग्रामवासियो को बताया गया कि जल की एक-एक बूंद बहुत कीमती है। प्रकृति की इस अमूल्य धरोहर को सहेजना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। यदि आज हम जल का संरक्षण करते हैं तो हमारी आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित कल दे सकते हैं। इस अवसर पर सभी ग्रामवासियों को जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई गई और सभी ग्रामवासियों ने जल बचाने के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जल निगम के अमले के साथ, सरपंच, सचिव, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

**अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के दिए निर्देश**




सीहोर (निप्र)। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के दूरदराज अंचलों से आए लगभग 73 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ़.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

## शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान में किया गया हनुमान चालीसा का पाठ और हवन का आयोजन



सीहोर (निप्र)। शहर के सीवन तट पर हनुमान मंदिर गोपालधाम में शिव प्रदोष सेवा समिति के तत्वाधान में एक माह तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान वैशाख महापर्व का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को मंदिर परिसर में सुबह भगवान शिव का अभिषेक किया गया। इसके पश्चात हनुमान चालीसा का पाठ, राम चरित्र मानस पाठ, सुंदरकांड और दुर्गा सप्तशती के पाठ के साथ यज्ञ में आहुतियां दी गई। इस मौके पर यज्ञाचार्य पंडित पवन व्यास, कुणाल व्यास और मनोज दीक्षित मामा आधा दर्जन से अधिक विप्रजनों ने सीता नवमी मनाई।

पंडित श्री व्यास ने बताया कि हर वर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को सीता नवमी का पर्व मनाया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, इस दिन माता सीता का प्राकट्य हुआ था इसलिए इस तिथि को सीता नवमी या जानकी जन्म उत्सव के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि आज के दिन व्रत रखकर विधि विधान के साथ भगवान राम और माता सीता की पूजा अर्चना करने से सभी रोग व शोक दूर होते हैं और 16 महान दान का पुण्य फल प्राप्त होता है। सीता माता को त्रेतायुग की सबसे पवित्र, त्यागमयी और संयमशील स्त्रीत्व की प्रतीक के तौर पर जाना जाता है।

# सामूहिक विवाह समारोह से समाज होता है एकजुटःनपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

**नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सामूहिक विवाह आयोजन में दिए 21 हजार**

सीहोर (निप्र)। सामूहिक विवाह समारोह से समाज एकजुट होता है। विभिन्न सामाजिक बुराइयों को खत्म करने व वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार समाजहित में समाज अपनी दिशा तय करता है। गौर समाज द्वारा जो सामूहिक विवाह का सफल आयोजन किया है। उसके लिए यह सराहनीय प्रयास है। उक्त विचार ग्राम मगरदा में गौर समाज के तत्वाघान में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे। इस मौके पर उन्होंने सामूहिक विवाह समारोह में 45 जोड़ों को आशीर्वाद दिया और आयोजन समिति के लखन लाल गौर, ओम प्रकाश गौर और राजेश गौर को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए अपनी ओर से विवाह समारोह में 21 हजार रुपए की राशि भेंट की।



उन्होंने कहाकि सामूहिक विवाह सम्मेलन एक अनुकरणीय कदम है और सभी समाजों को ऐसे आयोजनों के लिए पहल करनी चाहिए। ऐसे आयोजनों से सभी लोगों में आपसी भाईचारा और सौहार्द स्थापित होता है। सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर-वधुओं के आशीर्वाद समारोह को सम्बोधित किया। दहेज प्रथा समाज के लिए एक अभिशाप है। समाज में आज भी दहेज के लिए प्रताड़ना महिलाओं को झेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे आयोजन से समाज में फैली इस बुराई पर रोक लगाई जा सकती है। अभिभावकों से अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देकर समाज में फैली कुरीतियों पर रोक लगाने की अपील है। सामूहिक विवाह में शामिल 45 नवदम्पतियों के सुखी वैवाहिक जीवन की कामना है।

## नपा के काउकेचर-ट्राली-मैजिक वाहन में चोरी, कबाड़ी और कर्मचारी की मिलीभगत, पुलिस ने किया खुलासा

सीहोर (निप्र)। बीते दिनों नगर पालिका परिषद के रैन बसेरा परिसर से काउकेचर ट्राली और और मैजिक वाहन की बैटरी चोरी करने वालों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित ने बताया कि गत दिनों हुई चोरी में कबाड़ी और नपा कर्मचारी की मिलीभगत से चोरी की घटना हुई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ जारी है। सीएमओ ने तत्काल आरोपी पर कार्रवाई करने की बात कही है।गत दिनों इस संबंध में नगर पालिका स्टाफ ने थाने में बताया की 26 अप्रैल को नगर पालिका परिषद के रैन बसेरा प्रांगड में काउकेचर ट्राली व मेजिक वाहन क्रमांक एमपी 37 एल 1692 रखा था तीन मई को अमीत यादव ने जाकर देखा तो काउकेचर ट्राली के हाईड्रोलिक पम्प व मेजिक वाहन क्रमांक एमपी 37 एल 1692 में लगी बैट्री नहीं थी।

# विद्यालय के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में रचा इतिहास, जिले में चमका नूतन स्कूल का नाम

**कक्षा 12वीं में जिले में प्राप्त किया प्रथम स्थान**

सीहोर (निप्र)। मध्य प्रदेश, माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित 10 वी एवं 12वी बोर्ड परीक्षा 2025 के परिणामों में नूतन हायर सेकेन्ड्री स्कूल, सीहोर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 12 वी के छात्र हितीश दुबे ने 474/500 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही कक्षा 10 वी की छात्रा अविनी वर्मा ने 487/500 अंक प्राप्त किये। कक्षा 10 वी के सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में अविनी वर्मा, रेणुका राठौर, सिद्धिका कुशवाह, आयुषी भारती, प्रियांशी त्यागी, खुशी त्यागी, पलक परमार, प्रितांशी दुबे, अभिषेक मेवाड़ा, गोविंद मेवाड़ा तथा कक्षा 12 वी में उच्च अंक प्राप्त करने वालों विद्यार्थियों में हितीश दुबे, अक्षत कौशल, रिमी राठौर, मुदित कुशवाह, अमन मेवाड़ा, इशान अन्वेकर, इशिका वर्मा, अवनी काबरा, विवेक विश्वकर्मा, संध्या मेवाड़ा आदि शामिल हैं। इनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक सुरेश त्यागी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा, यह विद्यालय के शिक्षकों की कड़ी मेहनत और विद्यार्थियों की लगन का परिणाम है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थियों ने जिले में स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है।




## नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने पाथ राठौर का किया सम्मान

सीहोर (निप्र)। मंगलवार को मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में सीहोर निवासी बेटे पार्थ राठौर ने 97 अंक तथा प्रदेश में 2 टॉप नंबर पर आने नगर पालिका में स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित बड़ी संख्या में पार्षद और क्षेत्रवासियों ने पार्थ राठौर का सम्मान किया। इस मौके पर उन्होंने कहाकि प्रदेश सरकार के द्वारा विद्यार्थियों के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। आपकी मेहनत, समर्पण और संघर्ष का परिणाम आज सामने आया है। बेटे को उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों को लगन और अनुशासन से पढ़ाई करने की सलाह दी। साथ ही आगामी परीक्षाओं के लिए प्रेरित किया।


**MADHYA PRADESH JAL NIGAM**
(A Government of Madhya Pradesh Undertaking)
Project Implement Unit-Sehore, Luniya Chouraha Old Panchayat Bhavan Sehore M.P.
Web. : mpjalnigam.mp.gov.in || E-mail : gmsehore.jalnigam@mp.gov.in@mp.gov.in, CIN - U41000MP2012SGC028798
NIT 01-02/PIU/SEH/MPJNM/2025-26 Sehore, Dated : 05.05.2025

**SHORT NOTICE**

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling the registration/eligibility criteria, specified in the tender document through Madhya Pradesh Government E-Procurement Portal.

| NIT No. | Name of work | District | PAC (Rs.) | EMD (Rs.) | Document Fee (Rs.) | Category of Contractor | Duration (months) Including Rainy Season |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | SHIFTING OF PIPELINE BETWEEN VILLAGE SANKOTA TO PIPLANI ROAD UNDER MARDANPUR MULTI VILLAGE SCHEME (MVS) DISTRICT – SEHORE | Sehore | 11,29,224 | 22,284 | 2000 | Contractor registered under new centralized registration system in M.P. Govt. and firms of repute fulfilling the eligibility criteria | 2 Months |
| 02 | SHIFTING OF PIPELINE NEAR KHANDABAD UNDER MARDANPUR MULTI VILLAGE SCHEME (MVS) DISTRICT – SEHORE | Sehore | 10,48,900 | 20,978 | 2000 | | 2 Months |

Terms :
1. Detailed tender document can be seen and downloaded from the Madhya Pradesh Government E-Procurement Portal (https://mptenders.gov.in).
2. At the time of submission of the Bid the eligible bidder shall be required to:
   I. Pay the cost of Bid Document.
   II. Deposit the EMD online on Madhya Pradesh Government E-Procurement Portal.
   III. Submit a self-attested affidavit.
   IV. Tender Acceptance Letter, etc
3. The pre-bid meeting will be held on the date and time specified in critical dates.
4. Due date of tender: As per critical dates on MP Procurement E-government portal.

M.P. Madhyam/119935/2025 GENERAL MANAGER



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, संभाग सीहोर (म.प्र.)**
**दुल्हा बादशाह रोड सीहोर फोन नं. 07562-222701**

निविदा सूचना क्रमांक 01/2025-26 दिनांक 02.05.2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | कार्य की अनुमानित राशि ( रू. लाख में ) | इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. (RTGS/NEFT) एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑन लाईन ही प्रस्तुत किये जाये। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB_420973_1 | सीहोर | सड़क वार्षिक मरम्मत कार्य | लो.नि.वि.संभाग सीहोर के अंतर्गत विभिन्न मार्गो पर पेच रिपेयर कार्य। (जोनल निविदा) | प्रथम कॉल | 38.00 | केवल ऑन लाईन |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय (Document Download/Sale End Date) करने की अंतिम तिथि 16.05.2025 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

जी/12430/25

कार्यपालन यंत्री,
लो.नि.वि.सं. सीहोर म0प्र0
07562-222701

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com